52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in




**अमृतवाणी**

वक्त बीतेगा, सपने टूटेंगे, लोग छूटेंगे और तुम हर बार जिंदगी में कुछ नया सीखोगे।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:54 सूर्यास्त : 5:20 | वर्ष : 52/ अंक : 330 शुक्रवार, 29 नवम्बर 2024 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

प्रियंका के संसद में आने से राहुल को और ताकत मिलेगी : राबर्ट वाड्रा



आप भी आ जाएं तो उनका हौसला और बढ़ जाए......

## बीड़ी के पतंगे से लगी आग
# 80 वर्षीय वृद्ध की दर्दनाक मौत

**मुजफ्फरनगर, 28 नवम्बर (बु.)।** खतौली थाना क्षेत्र के गांव लाड़पुर निवासी के 80 वर्षीय वृद्ध की ऐसी मौत होगी किसी ने सोचा भी न था और मौत का ऐसा कारण बनेगा यह तो कोई अंदाजा भी नहीं लगा सकता। दरअसल बुधवार की रात वृद्ध करण सिंह पुत्र फूल सिंह को बीड़ी पीते-पीते नींद आ गयी और बीड़ी का एक पतंगा उनके बिस्तर पर ही गिर गया। उस पतंगे ने ऐसी आग पकड़ी कि कुछ ही देर में पूरे बिस्तर में आग लग गयी। आग से कमरा धूं-धूं कर जल उठा। जैसे ही परिजनों ने कमरे में इतनी बड़ी आग लगे हुए देखा तो परिजन विजय पाल के पुत्र सुमित ने आग बुझाने का प्रयास किया मगर आग नहीं बुझ पाई।



बताया जाता है कि आग इतनी भयंकर थी कि परिजनों ने आस पास के लोगों को भी मदद के लिए बुलाया मगर तब तक वृद्ध करण सिंह चारों ओर से आग की लपटों से जल चुके थे। बताया जाता है कि जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक वृद्ध करण सिंह की मौत हो चुकी थी। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी तो पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का बताना है कि परिवार के लोगों ने वृद्ध की मौत का कारण बीड़ी पीना ही बताया। पूछताछ के बाद पुलिस वापस लौट गयी मगर दिल दहला देने वाली इस घटना से गांव में शोक का माहौल है और गांव के लोग चर्चा कर रहे हैं कि बीड़ी के मामूली से पतंगे ने किस तरह से दर्दनाक हादसे में वृद्ध को मौत के आगोश में ले लिया।



## टिकौला चीनी मिल पर ट्रक से कुचलकर मजदूर की मौत

**मुजफ्फरनगर, 28 नवंबर (बु.)।** टिकौला चीनी मिल पर हादसे में एक युवा मजदूर की ट्रक से कुचलकर मौत हो गई। परिजनों के हंगामे के बाद इंश्योरेंस के बाहर लाख दिलाने और साठ हजार की तत्काल राहत देकर मामला शांत किया।

पुलिस के अनुसार रतनपुरी थाना क्षेत्र के हुसैनपुर भनवाडा का निवासी गुफरान पुत्र सदाकत मिल में चेन पर गन्ने चुगने का काम करता था। आज सुबह भी वह चेन पर काम कर रहा था। इसी दौरान वह एक ट्रक की चपेट में आ गया। ट्रक से कुचलकर उसकी मौत हो गई। ट्रक पीछे से गन्ना उतारने आ रहा था कि वह ट्रक के पहिए के नीचे आ गया। इससे कुचलकर उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मजदूर की मौत से वहां हड़कंप मच गया। इसके बाद मामले की सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। भाकियू कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर परिजनों ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने मृतक के परिवार को बीस लाख रुपये की आर्थिक सहायता तथा परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिए जाने की मांग की। इसके बाद सीओ जानसठ यतेंद्र नागर और तहसीलदार सतीश कुमार मौके पर पहुंचे और मिल

**हंगामे के बाद इंश्योरेंस के बारह लाख दिलाने और साठ हजार की तत्काल राहत देकर मामला शांत किया**

प्रबंधन व परिजनों तथा भाकियू कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत के बाद विवाद का निस्तारण कराया। इसमें मृतक के परिवार को ट्रक के इंश्योरेंस से बारह लाख दिलाने तथा मिल कर्मचारियों की और से तत्काल साठ हजार रुपये की आर्थिक राहत दिलाने का ऐलान किया। इसके बाद परिजन संतुष्ट हुए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## एकाएक पूर्व विधायक 'शाहनवाज राना' की गिरफ्तारी से हड़कम्प, बाद में जमानत मिली

**मुजफ्फरनगर, 28 नवम्बर (बु.)।** विद्युत अधिनियम के एक मामले में पूर्व विधायक शाहनवाज राना के गैर जमानती वारंट होने पर उन्हें मंसूरपुर पुलिस ने गुरूवार को गिरफ्तार कर लिया। शाहनवाज की गिरफ्तारी से आज एकाएक हड़कम्प मचा गया और सोशल मीडिया पर जब शाहनवाज की गिरफ्तारी की खबरें चली तो पूरी मीडिया जिला चिकित्सालय पहुंच गयी, चूंकि जिला चिकित्सालय में उनकी मैडिकल जांच के बाद उन्हें जेल भेजा जाना था। चिकित्सा के बाद शाहनवाज राना को एडीजी कोर्ट-4 में पेश किया गया, जहां सुनवाई करते हुए पूर्व विधायक को अंतरिम जमानत दे दी गयी। नियमित सुनवाई के लिए 6 दिसम्बर की तिथि नियत की गयी है। आपको बता दें कि वर्ष 2010 में मंसूरपुर थाना क्षेत्र के नरा उपकेन्द्र के मीटरों में छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया था, जिसे विभाग द्वारा चोरी माना गया था। उक्त मामले में विद्युत विभाग के तत्कालीन जेई कमलेश चंद आजाद की ओर से फैक्ट्री कर्मचारी सुनील कुमार निवासी दिल्ली, लाजपत नगर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गयी थी। पुलिस की विवेचना में बिजनौर सदर सीट से पूर्व विधायक शाहनवाज राना एवं दोआब रोलिंग मिल के मालिक समेत दस लोगों के नाम प्रकाश में आए थे। मामले में पुलिस ने सभी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी थी। उनके अधिवक्ता आफताब केसर ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त मामले की सुनवाई एडीजी-4 कनिष्क कुमार की कोर्ट में चल रही थी। कोर्ट में पेश न होने के कारण न्यायाधीश द्वारा 19 अक्टूबर को पूर्व विधायक के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिये थे और कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने गुरूवार को पूर्व विधायक शाहनवाज राना को पुरकाजी बॉर्डर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद कोर्ट में सुनवाई करते हुए शाहनवाज राना की



ओर से 25-25 हजार के जमानती दाखिल करने के बाद अंतरिम जमानत दे दी गयी। कोर्ट से छूटने के बाद शाहनवाज राना ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि उक्त मामले में उन्हें पता ही नहीं लगा कि उनके गैर जमानती वारंट कैसे जारी हो गए। शाहनवाज के अनुसार 2010 में जब उक्त मामला घटित हुआ तो चोरी जैसी कोई बात नहीं पाई गयी थी, इसलिए उन्हें लगा कि उक्त मामला खत्म हो गया है। इसी भ्रम में आज एकाएक उनके वारंट जारी हुए और उन्होंने अपनी जमानत करा ली।

## मेगा ब्लॉक के चलते 6 एक्सप्रेस ट्रेनें रही रद्द

**मुजफ्फरनगर, 28 नवम्बर (बु.)।** मेरठ-सकौती में अंडर पास का कार्य होने पर गुरूवार को रेल यातायात प्रभावित रहा, जिसमें पूर्व घोषणा के अनुसार 12 से सायं 6 बजे तक मेगा ब्लॉक किया गया। मेगा ब्लॉक के दौरान कुल 6 एक्सप्रेस ट्रेनें रद्द

**रद्द होने वाली 6 गाड़ियां**
- जालंधर-दिल्ली एक्सप्रेस
- गोल्डन टैम्पल मेल
- दिल्ली-सहारनपुर एक्सप्रेस
- उत्कल-पुरी ऋषिकेश
- दिल्ली-अम्बाला एक्सप्रेस
- कालका-दिल्ली एक्सप्रेस

रही, तथा तीन ट्रेनों को वाया शामली से निकाला गया तथा 2 ट्रेनें अपने निर्धारित समय से काफी देरी से पहुंची। शामली से होकर जाने वाली गाड़ियों में सहारनपुर से दिल्ली जाने वाली पैसेंजर, कालका से दिल्ली जाने वाली पैसेंजर, मुम्बई से अमृतसर जाने वाली गोल्डन टैम्पल को शामली से होकर निकाला गया। इसके अलावा योगा एक्सप्रेस एक घंटा बीस मिनट, व देहरादून बांद्रा एक्सप्रेस 7 घंटे देरी से पहुंची।




## पुराने टायरों को गलाने वाली फैक्ट्री के बॉयलर में लगी भयंकर आग





**मुजफ्फरनगर, 28 नवम्बर (बु.)।** नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के भोपा रोड पर बुधवार की रात्रि टायर गलाने वाली फैक्ट्री में आग लग गयी। आपको बता दें कि भोपा रोड पर मखियाली के पास महालक्ष्मी एन्टरप्राइजेज में देर रात लगभग 2:30-3:00 बजे आग लग गयी। आग लगने की सूचना पर दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाने का काम किया। बताया जाता है कि उक्त फैक्ट्री के बॉयलर में रात्रि लगभग 2:30-3:00 बजे के बीच आग भड़क गयी। इस फैक्ट्री के अंदर पुराने टायर खरीदकर गलाए जाते हैं तथा उनमें से तेल निकाला जाता है। देर रात जब दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची तो लगभग तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, जिसमें दमकल विभाग की दो गाड़ियों के साथ-साथ अन्य पेपर मिलों की दो गाड़ियां भी मौके पर बुलानी पड़ी। एफएसओ आरके यादव का बताना है कि आग में अधिक नुकसान नहीं हुआ। फैक्ट्री ने दमकल विभाग से कोई एनओसी नहीं ली है, इसी के चलते फैक्ट्री मालिक को विभाग की ओर से नोटिस दिया गया है।

## घटिया सड़क निर्माण पर एक एसई, दो एक्सईएन समेत 16 अभियंता सस्पेंड

**लखनऊ, 28 नवंबर (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरदोई में सड़कों का घटिया निर्माण होने पर कड़ी कार्रवाई की है। इसके लिए जिम्मेदार मिले एक अधीक्षण अभियंता और दो अधिशासी अभियंता समेत 16 अभियंता निलंबित कर दिए गए हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरदोई समेत 10 जिलों की सड़कों की जांच के आदेश दिए थे। हरदोई में सड़कों की जांच के लिए प्रमुख सचिव अजय चौहान की अध्यक्षता में एक टीम गए थे। इस टीम में पीडब्ल्यूडी सलाहकार वीके सिंह और पीडब्ल्यूडी विभागाध्यक्ष योगेश पंवार भी शामिल थे। हरदोई में चार नवनिर्मित सड़कों के नमूने लिए गए। लैब में इन नमूनों की जांच कराई गई तो ये सभी नमूने फेल हो गए। तारकोल की मात्रा कम मिली। गिट्टी समेत अन्य सामग्री भी मानक से कम मिली। इन मामलों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर तत्कालीन अधीक्षण अभियंता सुभाष चंद्र, अधिशासी अभियंता सुमंत कुमार व शरद कुमार मिश्रा को सस्पेंड कर दिया गया है। इसके अलावा निर्माण खंड-1 के सहायक अभियंता राजवीर सिंह, संतोष कुमार पांडे व जीएन सिंह और प्रांतीय खंड के सहायक अभियंता रितेश कटियार व कृष्णकांत मिश्रा को भी सस्पेंड कर दिया गया है। इन्हीं मामलों में 8 अवर अभियंता मोहम्मद शोएब, राजीव कुमार, अमर सिंह, रुचि गुप्ता, सत्येंद्र कुमार, अवधेश कुमार गुप्ता, मकरंद सिंह यादव और वीरेंद्र प्रताप सिंह को भी निलंबित किया गया है। सभी निलंबित अभियंताओं के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दे दिए गए हैं।

## हनी ट्रैप कर अपनी पत्नी के जरिए लोगों को फंसाता था शौकीन, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 28 नवम्बर (बु.)।** गुरूवार को एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत ने बताया कि खालापार थाने पर आरोपी शौकीन निवासी सरवट फाटक, मूल निवासी बघरा, थाना तितावी ने 17 नवम्बर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी पत्नी सुहाना उर्फ सना के साथ खालापार के शहीद चौक निवासी सरफराज ने घर में घुसकर दुराचार किया था। उक्त मामले में खालापार थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान ने पूरा मामला सुनने के बाद घटनाक्रम पर शक होने पर गहनता से जांच की तथा सीसीटीवी कैमरों व आरोपी के फोन की कॉल डिटेल खंगालकर पूरे मामले से पर्दा उठा दिया। आरोपी शौकीन से जब पूछताछ की गयी तो उसने बताया कि हनी ट्रैप कर वह अपनी पत्नी के जरिए ही लोगों को फंसाता था और उसके बाद अपनी ही पत्नी से दुराचार के मामले में धमकी देकर पैसे वसूला करता था। सिर्फ मुजफ्फरनगर ही नहीं, आरोपी ने पंजाब तक अपना ये अवैध वसूली का धंधा हनी ट्रैप के जरिए फैला रखा था। पुलिस ने आरोपी दम्पती के साथ खालापार निवासी असलम को भी गिरफ्तार कर लिया और तीन आरोपियों से तीन फर्जी आधार कार्ड व चार मोबाइल भी बरामद किये। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए चालान कर दिया।






## बाबा बागेश्वर की यात्रा में सांसद मनोज तिवारी और राजा भैया भी हुए शामिल

**छतरपुर, 28 नवंबर (एजेंसी)।** बागेश्वर धाम से रामराजा सरकार की नगरी ओरछा तक करीब 160 किलोमीटर की सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा आठवें दिन ओरछा तिराहे पर पहुंची। राजा भैया और भाजपा नेता मनोज तिवारी भी आज यात्रा में शामिल हुए । गुरुवार को सनातन हिंन्दू एकता पदयात्रा राष्ट्रगान और हनुमान चलीसा से निवाड़ी से शुरू होकर शाम करीब 4 बजे बरुआसागर पहुंची। दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी और कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया ने गुरुवार को यात्रा में शामिल होकर महाराजश्री का आशीर्वाद लिया। ओरछा तिराहे पर देर शाम यात्रा पहुंची, जहां महाराजश्री ने कहा कि बिना सड़क पर निकले लोगों को एकजुट नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि जिस तरह से अन्य मजहबों में कई जातियां होने के बावजूद जब धर्म की बात आती है तो सभी एकजुट हो जाते हैं। ठीक उसी तरह हमें भी अपने धर्म के लिए आपसी भेद-भाव, जात-पात, छुआ-छूत यह सब भूलना पड़ेगा।

## हड़ताल को लेकर दो फाड़ हुए वकील

**गाजियाबाद, 28 नवंबर (एजेंसी)।** हड़ताल को लेकर बन रही टकराव की स्थिति के बीच बृहस्पतिवार को अधिवक्ताओं का रुख फिर से बदला दिखाई दिया। अध्यक्ष दीपक शर्मा और सचिव अमित नेहरा धरने में अधिवक्ताओं के बीच पहुंचे। इस दौरान अधिवक्ताओं के दो पक्षों में तीखी नोकझोंक भी हुई लेकिन बाद में सुलह का रास्ता निकला और तय किया गया कि जब तक जिला जज को हटाया नहीं जाता तब तक धरना जारी रहेगा। फिलहाल, चार दिन तक धरना चलने की सहमति बनी है। इसके बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी। हड़ताल खत्म करने के मुद्दे को लेकर उपजे विवाद में अध्यक्ष और सचिव कुछ भी बोलने से बचते हैं। दीपक शर्मा ने बताया कि शाम तक पूरी स्थिति स्पष्ट कर दी जाएगी। वह अधिवक्ताओं के हित में खड़े हैं।

## विद्युत विभाग ने की छापेमारी, दो कोल्हुओं पर पकड़ी चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 28 नवम्बर (बु.)।** नई मंडी क्षेत्र के ग्राम मखियाली में पॉवर कारपोरेशन की टीम ने छापेमारी करते हुए दो कोल्हुओं में बड़ी कार्रवाई करते हुए बिजली चोरी पकड़ी है। कोल्हू संचालकों के द्वारा इन दोनों कोल्हुओं में बीती देर रात्रि में सीधे एलटी लाइन में केबिल जोड़कर बिजली चोरी की जा रही थी। पॉवर कारपोरेशन के आलाधिकारियों के निर्देश पर इन दोनों कोल्हू संचालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। अब विभाग द्वारा जुर्माना वसूलने की कार्रवाई भी की जाएगी।

पॉवर कारपोरेशन के ग्रामीण अधीक्षण अभियंता संजीव कुमार के निर्देशन में जनपद में बिजली चोरी पकड़ने के लिए बड़े स्तर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस छापामार अभियान में एक्सईएन, एसडीओ और जेई आदि अधिकारी दिन-रात सक्रिय बने हुए है। इसी कड़ी में बीती देर रात्रि तक जिले में चलाए गए इस अभियान में नगर मुख्यालय से गांव-देहात तक बिजली चोरी की घटनाएं लगातार पकड़ी जा रही है। एक्सईएन अमित कुमार के नेतृत्व में विभागीय टीम द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में कोल्हुओं की चैकिंग करने के लिए विशेष अभियान चलाया है। टीम ने गांव मखियाली में यूसुफ और तसलीम के कोल्हू में बिजली चोरी पकड़ी है। विद्युत टीम द्वारा यहां पर रात्रि में छापेमारी की गई। इस दौरान दोनों कोल्हुओं में एलटी लाईन से केबिल जोड़कर अपने कोल्हू पर विद्युत का अवैध रूप से प्रयोग किया जा रहा था। विद्युत अधीक्षण अभियंता संजीव कुमार ने बताया कि थाना एंटी पॉवर थेप्ट में प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

## राजमिस्त्री को बंधक बनाकर पीटा

**मुजफ्फरनगर, 28 नवम्बर (बु.)।** मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव पुरबालियान में मकान बनाने की मजदूरी के पैसे मांगने पर राज मिस्त्री से बंधक बनाकर की गयी मारपीट। राजमिस्त्री ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान पति व अन्य आरोपियों ने मारपीट के साथ-साथ उससे धर्म विरोधी नारे भी लगवाए। पुलिस के अनुसार पुरबालियान निवासी नरेश राजमिस्त्री का कार्य करता है। उसने शिकायत दर्ज करते हुए बताया कि उसने ग्राम प्रधानपति शौकत का मकान बनाया था। दो दिन पहले वह मकान बनाने के बाद पैसे लेने के लिए गया तो उसके साथ बंधक बनाकर मारपीट की गयी। ग्राम प्रधान



पति ने इस दौरान अपने सहयोगियों को भी बुला लिया और दबंगता दिखाते हुए उससे धर्म विरोधी नारे भी लगवाए। राजमिस्त्री के परिवार को जब इस बात की सूचना मिली तो उसे बचाने के लिए उसके परिवार की महिलाएं भी मौके पर पहुंची तो उनसे भी ग्राम प्रधानपति व उसके सहयोगियों ने अभद्रता की। उक्त मामले में राज मिस्त्री नरेश द्वारा मंसूरपुर थाने पर तहरीर दी गयी मगर पुलिस ने जब पूरे मामले को हलके में लिया तो राजमिस्त्री ने भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को इकट्ठा कर लिया। भाकियू ने इस मामले में कार्यवाही की मांग करते हुए थाने पर धरना दे दिया।

## इस तरह प्रेमजाल में फंसा सरफराज

**मुजफ्फरनगर ।** पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला के आरोपी पति शौकीन व असलम निवासी खालापार की मुलाकात जेल में हुई थी। असलम पुलिस मुखबिरी के शक में सरफराज को जेल भिजवाना चाहता था, उसके बाद शौकीन ने उसे बताया कि वह अपनी पत्नी के जरिए सरफराज को प्रेम प्रसंग में फंसाकर योजनाबद्ध ढंग से दुराचार के मामले में मुकदमा दर्ज करा लेगा, इस काम के लिए आरोपी असलम ने तीन लाख रुपये देने तय किये थे, जिसके एवज में 50 हजार रुपये एडवांस भी दिये गए। प्री प्लांनिंग के मुताबिक सरफराज का मोबाइल नम्बर सुहाना को दे दिया गया और सुहाना ने सरफराज को फोन करके प्रेमजाल में फंसा लिया। सुहाना घटना के दिन अपने पति को दिखाने के बहाने आई और फोन पर सरफराज के मकान पर चली गयी और वहीं से उसने पति को फोन किया। उसके बाद पति ने पुलिस को फोन कर पत्नी के साथ दुराचार करने की सूचना पुलिस को दी। लेकिन डायल 112 पर कॉल कर सराफराज का घर दिखाने के बहाने वह पुलिस के शिकंजे में फंस गया। इसी से पूरे मामले की पोल खुल गयी।

## हाईवे होटलों व ढाबों पर खड़े वाहनों से तेल चुराने वाला गिरोह पकड़ा

- फुगाना पुलिस ने गिरोह के पांच शातिरों को दिल्ली-देहरादून हाईवे पर मुठभेड़ में दबोचा
- 195 लीटर डीजल, 12 हजार रुपये, आयशर कैन्टर व स्कार्पियो कार बरामद

**मुजफ्फरनगर, 28 नवंबर (बु.)।** फुगाना पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान हाईवे स्थित होटलों व ढाबों पर खड़े वाहनों से डीजल की चोरी करने वाले गिरोह के पांच शातिरों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से अवैध शस्त्र, 195 लीटर डीजल, 12 हजार रुपये नगद, एक आयशर कैन्टर व एक स्कार्पियो कार बरामद की गई। बरामद आयशर कैंटर में एक खास टंकी बनाई गई थी, जिसमें चोरी किया गया तेल एकत्र किया जाता था और बाद में उसे बेच दिया जाता था।

दिल्ली-देहरादून हाईवे पर निर्माणाधीन पुल के पास फुगाना पुलिस ने एक सूचना पर कुछ संदिग्ध लोगों की घेराबन्दी कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया। इस पर संदिग्धों ने पुलिस पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम ने बदमाशों को पीछा कर गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से अवैध शस्त्र, 195 लीटर डीजल, 12 हजार रुपये नगद, एक आयशर कैन्टर व एक स्कार्पियो कार बरामद किए गए। पकड़े गए अभियुक्तों में नईम पुत्र मेहराज निवासी सिवालखास थाना जानी, मेरठ, शाहनवाज पुत्र युसुफ निवासी पिपलहेड़ा थाना धौलाना, हापुड़, जाफर पुत्र बजरूद्दीन व अनवार पुत्र शहीद दोनों निवासी ग्राम हर्रा थाना सरूरपुर, मेरठ तथा फैज पुत्र फुरकान निवासी ग्राम टोडरपुर थाना सिम्भावली, हापुड़ बताए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि वे काफी समय से हाईवे के किनारे तथा ढाबों व होटल पर खड़े वाहनों से डीजल चोरी करने का का काम कर रहे थे। उन्होंने डीजल चोरी करने के लिये कैंटर में अलग से टंकी लगवायी है जिसकी क्षमता करीब 500 लीटर की है। इसके साथ ही कैंटर के फर्श को काटकर 350 लीटर क्षमता की एक और टंकी लगवायी है जिसको छिपाने के लिये कैंटर के फर्श पर लोहे की चादर लगाई थी। उस पर फल-सब्जी रखने वाली प्लास्टिक की क्रेट रखी थी, जिससे टंकी दिखाई न दे व किसी को शक न हो। यह गिरोह चोरी किये गये तेल को कैंटर में बनी टंकी में पलट देते थे। इसके बाद चोरी किये गये तेल को कुछ कम दाम में बेच देते थे। उनके पास से बरामद 12 हजार रुपये चोरी किये गये तेल को बेचकर अर्जित किये गये थे। पुलिस ने गिरफ्तार लोगों को जेल भेज दिया है।




## आज आ सकता है राजा वाल्मीकि हत्याकांड में बड़ा फैसला

**मुजफ्फरनगर, 28 नवम्बर (बु.)।** खतौली के राजा वाल्मीकि हत्याकाण्ड की गूंज पूरे प्रदेश में हुई थी। इस मामले में खतौली के पूर्व चेयरमैन पारस जैन सहित पांच अन्य आरोपी हैं। वर्ष 2017 के 5 अप्रैल को खतौली के होली चौक पर राजकुमार उर्फ राजा वाल्मीकि की गोलियां मारकर हत्या कर दी गयी थी। हत्या के बाद राजा वाल्मीकि के भाई राणा प्रताप ने मौहल्ला देवीदास निवासी राजू वाल्मीकि, गोरा उर्फ गौरव व दो अज्ञात सहित पूर्व चेयरमैन पारस जैन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान पारस जैन को पुलिस द्वारा क्लीन चिट दे दी गयी थी, जबकि कोर्ट ने वादी के प्रार्थना पत्र पर पूर्व चेयरमैन पारस जैन को तलब किया था। हाईकोर्ट से जमानत अर्जी खारिज होने के बाद उन्होंने कोर्ट में सरेंडर भी कर दिया था, तब से अब तक पूर्व चेयरमैन पारस जैन जेल में ही बंद हैं। उक्त मामले में आज शुक्रवार को कोर्ट बड़ा फैसला सुना सकती है।

## ट्रक से कुचलकर भाभी की मौत, देवर घायल

**उग्र ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए रास्ता जाम किया**

**मुजफ्फरनगर, 28 नवंबर (बु.)।** अपनी भाभी को बाइक द्वारा दवाई दिलवाकर वापस लौटते समय ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौके पर मौत हो गई और ग्रामीण घायल हो गया। पुलिस पर ट्रक चालक को भगाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया और रास्ता जाम कर दिया। बाद में अधिकारियों से समााबुााकर जाम खुलवाया। पुलिस के अनुसार बागपत जिले के गांव निरपुडा निवासी आजाद की पत्नी फरजाना अपने देवर दिलशाद को लेकर दवाई लेने बाइक द्वारा शामली चिकित्सक के पास दवा लेने गई थी। वहां से वापस लौटते समय उनकी बाइक जौला नहर के पास गन्ने के ट्रक के चपेट में आ गई। ट्रक की चपेट में आने से बाइक के फिसलने से फरजाना और दिलशाद सड़क पर गिर गए। हादसे में फरजाना की मौके पर ही मौत हो गई और दिलशाद घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा पर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायल दिलशाद को प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी पर भेज दिया। ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया। ग्रामीणों ने पुलिस पर ट्रक ड्राइवर को भगाने का आरोप लगाते हुए सड़क पर जाम लगाया। जाम के दौरान सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सड़क पर जाम की सूचना पाकर पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। दिलशाद ने बुढ़ाना कोतवाली में तहरीर दी तो पुलिस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

# शाहपुर में भाजपा नेताओं, मौजूदा एवं पूर्व प्रधान की प्रतिष्ठा का सवाल बनी पुलिस चौकी अधर में लटकी

**- क्षेत्र में ग्रामीणों के विरोध के चलते पुलिस चौकी निर्माण विवाद गहराया**
**- फिलहाल ठंडे बस्ते में पहुंचा बसधाड़ा चौकी का निर्माण**
**- एक पक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं दूसरा पूर्व विधायक का समर्थक**







**शाहपुर, 28 नवम्बर (बु.)।** गांव चांदपुर के ग्रामीणों के विरोध के बाद स्वीकृत बसधाड़ा पुलिस चौकी गांव में स्थापित नहीं हो सकी। भाजपा से जुड़े मौजूदा एवं पूर्व प्रधान की मूंछों की लड़ाई में पूरा विवाद सड़क पर आ गया। दोनों भाजपा नेताओं ने इस चौकी के निर्माण को अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया है। एक पक्ष गांव बसधाड़ा में चौकी के निर्माण पर जोर दे रहा है, वहीं दूसरा पक्ष गांव चांदपुर में ही चौकी के निर्माण पर अड़ा है। एक भाजपा नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं दूसरे भाजपा नेता पूर्व विधायक के समर्थक बताए जा रहे हैं। शासन ने सुरक्षा की दृष्टि से थाना क्षेत्र के गांव बसधाडा में पुलिस चौकी स्थापित करने की स्वीकृति दी थी। इस चौकी के अंतर्गत गांव बसधाड़ा के अलावा गांव धनायन, हजूरनगर, दिनकरपुर, रसूलपुर जाटान व चांदपुर गांव आते है। पुलिस चौकी की स्वीकृति के बाद गांव बसधाड़ा में भूमि उपलब्ध न होने के कारण थाना पुलिस ने उक्त चौकी को गांव चांदपुर के पंचायतघर में स्थापित करने के बोर्ड लगा दिए थे। इसके बाद ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए गांव में पुलिस चौकी ना बनाने की मांग करते हुए बोर्ड हटा दिए थे। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में स्थित पंचायत घर में पुलिस चौकी स्थापित की जा रही है। इस परिसर में पूर्व से ही पंचायत घर के अलावा आंगनबाड़ी केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, व्यायामशाला व प्राथमिक विद्यालय भी हैं, जिसमें छात्र-छात्राओं के अलावा महिलाओं का आना-जाना रहता है। पंचायत घर में पुलिस चौकी स्थापित होने से महिलाओं व बच्चों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों का कहना है कि सुरक्षा की दृष्टि से स्वीकृत पुलिस चौकी को गांव बसधाड़ा में ही स्थापित किया जाना चाहिए। जिसका मुख्य कारण गांव बसधाड़ा शाहपुर व मंसूरपुर थाने का बॉर्डर है। बसधाड़ा गांव से अन्य गांवों को जोड़ने के रास्ते भी है। वर्तमान में गांव चांदपुर के ग्रामीणों के विरोध के चलते पुलिस चौकी स्थापित नहीं हो सकी और थाने से ही बसधाड़ा पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी कार्य कर रहे है। प्रस्तावित बसधाड़ा चौकी को चांदपुर में बनाए जाने का ग्रामीणों द्वारा विरोध किए जाने पर अब फिलहाल विराम लग गया है। हाल ही में शासन स्तर से जनपद में कई स्थानों पर चौकियां बनाया जाना प्रस्तावित है, जिनमें कुछ जगह बन चुकी है तथा कुछ जगह बनाए जाने की प्रक्रिया चल रही है, उन्हीं में शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव बसधाड़ा में भी आठ गांवों के लिए पुलिस चौकी बनाया जाना प्रस्तावित था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा बसधाड़ा पुलिस चौकी के रूप में एक एसआई की तैनाती भी की गई है। चौकी बसधाड़ा के नाम से ही हल्का और चौकी का कार्य लिखा-पढ़ी में शुरू भी हो चुका है, लेकिन बसधाड़ा को छोड़कर हाल ही में अभी चार-पांच दिन से निकटवर्ती गांव चांदपुर में उप स्वास्थ्य केंद्र एवं चांदपुर व्यायाम शाला की जगह में चौकी बनाने की प्रक्रिया को पुलिस विभाग द्वारा शुरू किया गया, तो ग्रामीणों ने इसका आज जमकर विरोध किया, जहां ग्राम प्रधान इस चौकी का निर्माण कार्य करने के लिए अपनी सहमति दे चुके हैं, वहीं गांव के बहुत से लोग व महिलाएं गांव में चौकी बनाने का विरोध दर्ज करा रहे हैं। ग्रामीणों ने थाना अध्यक्ष शाहपुर को तो दो टूक कह दिया कि यहां चौकी किसी कीमत पर नहीं बनने दी जाएगी। थाना अध्यक्ष ने ग्रामीणों के विरोध के चलते निर्माण कार्य रुकवा दिया है। उधर शाहपुर स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. ओपी जायसवाल ने भी एक पत्र सीएमओ को लिखकर कहा कि जिस जगह पर चौकी बनाई जा रही है, वहां स्वास्थ्य विभाग का आरोग्य मंदिर पहले से ही संचालित है और गर्भवती महिलाओं का इस उप स्वास्थ्य केंद्र पर परीक्षण होता है, ऐसे में यह चौकी यहां पर बनाया जाना अनुचित है। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष एकांश त्यागी ने कहा कि पूरा गांव चौकी बनाए जाने के पक्ष में नहीं है। थाना अध्यक्ष से इस संबंध में बात की गई, तो उन्होंने कहा कि चांदपुर में चौकी बनाए जाने का प्रस्ताव खारिज कर दिया गया है। उप जिलाधिकारी बुढ़ाना द्वारा जो स्थान दिया जाएगा, उस स्थान पर चौकी बनाई जाएगी। चांदपुर के ग्रामीणों का कहना है कि चौकी बसधाड़ा गांव में ही बनाई जाए। विरोध करने वालों में पूर्व प्रधान अजय उर्फ पिंकी त्यागी, निरंकार त्यागी, प्रदीप त्यागी, गौरव त्यागी, रामकुमार त्यागी, मनोज, परवीन आदि मौजूद रहे।

## तारीख गवाह है
### आज का इतिहास

**नयी दिल्ली, 28 नवंबर (वार्ता)।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 29 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार है।1516- फ्रांस और स्विट्जरलैंड ने फ्रेईबर्ग के शांति समझौते पर हस्ताक्षर किया। 1759- दिल्ली के बादशाह आलमगीर द्वितीय की हत्या। 1775- सर जेम्स जे ने अदृश्य स्याही का अविष्कार किया। 1830- पोलैंड में रूस के शासन के खिलाफ नवंबर विद्रोह शुरु हुआ। 1870- ब्रिटेन में आवशयक शिक्षा कानून लागू हुआ। 1889- बेंगळूरू के लालबाग़ गार्डन में 'ग्लास हाउस' की आधारशिला रखी गई। 1916- अमेरिका ने डोमिनिकन रिपब्लिक में मार्शल लॉ लगाने की घोषणा की। 1944- अलबानिया को नाजी कब्जे से छुड़ाया गया। 1947- भारतीय उपमहाद्वीप का विभाजन होने पर निज़ाम ने भारत में शामिल होने की अपेक्षा स्वतंत्र रहना चाहा। 1949- पूर्वी जर्मनी में यूरेनियम खदान में विस्फोट से 3700 लोग मरे। 1961 - दुनिया के पहले अंतरिक्ष यात्री यूरी गागरिन भारत आये। 1970- हरियाणा सौ फीसदी ग्रामीण विद्युतीकरण का लक्ष्य पाने वाला पहला भारतीय राज्य बना। 1987- कोरियाई विमान फ्लाइट 858 में थाईलैंड-म्यांमार की सीमा के पास विस्फोट में 115 लोगों की मौत। 1989- तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री राजीव गाँधी ने इस्तीफा दिया। 1998- कर्नल कुरु बातासयाल के नेतृत्व में भारतीय सैन्य दस्ते ने लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम सेना यूनीफ़िष में नार्वे के दस्ते का स्थान ग्रहण किया। 1999- महाराष्ट्र के नारायण गाँव में विश्व का सबसे बड़ा मीटरवेव रेडियो टेलीस्कोप खुला। 2001- अफ़ग़ान गुट अंतरिम परिषद पर राजी हुए। 2004- आसियान देशों ने चीन के साथ व्यापार के समझौते को अंतिम रूप प्रदान किया। 2005- तक बाबूलाल गौर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। शिवराज सिह चौहान - मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद पर आसीन। 2006- पाकिस्तान ने मध्यम दूरी वाले मिसाइल 'हत्फ़-4', जिसे शाहीन-क भी कहा जाता है, का सफल परीक्षण किया। 2007- जनरल अशरफ़ परवेज कियानी ने पाकिस्तानी सेना के प्रमुख की कमान सम्भाली। परवेज मुशर्रफ़ ने असैनिक राष्ट्रपति के रूप में अगले पाँच वर्ष के लिए शपथ ग्रहण की। 2008- 60 घंटे आपरेशन के बाद कमांडो ने मुम्बई को आतंकियों से मुक्त कराया। भारतीय मुक्केबाज़ मैरीकॉम ने पाँचवी महिला एआईबीए वर्ल्ड बॉक्सिग चैम्पियनशिप जीती। 2012- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने फिलीस्तीन को गैर-सदस्य पर्यवेक्षक राज्य का दर्जा दिया।

### मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 28 नवम्बर, (बु.)।** मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- ढैया 1400-1421, रसकट ढैया 1100-1170, चाकू 1300-1500, लड्डू 1390-1531, खुरपापाड़ 1300-1330, शक्कर मसाला 1400-1421, आमद- 6000 मन।

### सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 28 नवम्बर, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 78400 | चांदी- | 89600 |
| सिक्का- | 100050 | गिन्नी- | 58650 |

### आपका आज का राशिफल
**शुक्रवार, 29 नवम्बर, 2024**

**मेष-** स्वास्थ्य सुधार पर, समस्या के संदर्भ में स्वयं का निर्णय हितकर, बकाए धन की प्राप्ति, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, धर्म-अध्यात्म के प्रति आस्था।

**वृषभ-** मानसिक अशांति, कार्यों के प्रति उदासीनता, पारस्परिक मतभेद, जल्दबाजी में लिया गया निर्णय अहितकर, निराशा प्रभावी, मानसिक कष्ट, यात्रा असंतोषजनक।

**मिथुन-** शुभ भावनाओं का उदय, विशिष्टजनों से सम्पर्क, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, भोग-विलासिता की ओर रुचि, आय के नवीन स्रोत।

**कर्क-** समय संतोषजनक, साहसिक प्रयास प्रगति पर, व्यक्तिगत जीवन में नवीन उपलब्धि, शिक्षा के क्षेत्र में सफलता, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, यात्रा सफल।

**सिंह-** ग्रहस्थिति अनुकूल, पुरुषार्थ के प्रति रुचि, परोपकार की भावना जागृत, घरेलू समस्याएँ सुलझने की ओर, वाहन से सुख, मित्रों से अपेक्षित सहयोग, धन संचय।

**कन्या-** कार्यों में अड़चनें, साझेदारी के व्यवसाय में हानि, विवाद की आशंका, व्यर्थ के भागदौड़ में समय नष्ट, दाम्पत्य जीवन में कटुता, आरोप-प्रत्यारोप से कष्ट।

**तुला-** बुद्धि-विवेक से लिया गया निर्णय लाभप्रद, आर्थिक स्थिति में सुधार, सुसंदेश की प्राप्ति, यात्रा का प्रसंग, भौतिक सुख के साधन सुलभ, दाम्पत्य जीवन संतोषजनक।

**वृश्चिक-** कठिनाइयों का निराकरण, धार्मिक क्रियाकलापों में अभिरुचि, विशिष्टजनों से सम्पर्क, सामाजिक गतिविधियों में रुझान, तनाव में कमी, अधिकारी वर्ग से अनुकूलता।

**धनु-** शुभ भावनाओं का उदय, सामयिक कार्यों में अनुकूलता, इच्छित लाभ की प्राप्ति, नवयोजना की शुरूआत हेतु नूतन-पुरातन मित्रों से संयोग, परिवार में सुखशांति।

**मकर-** कार्य-व्यवसाय में असफलता, स्वास्थ्य में अड़चनें, समस्याओं से अशांति, आपसी सम्बन्धों में तनाव, वैवाहिक जीवन में मनमुटाव, द्रव्य की क्षति, व्यर्थ भ्रमण।

**कुम्भ-** ग्रहस्थिति अनुकूल, कठिनाइयों का निवारण, किसी के माध्यम से व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण उपलब्धि, नवसमाचार की प्राप्ति, स्वविवेक का निर्णय लाभदायक।

**मीन-** कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता, शुभ विचारों के उदय से आत्मिक शांति, संभावित यात्रा संतोषजनक, मनोरंजन की ओर रुचि, सामाजिक कृत्यों की ओर रुझान।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

## राशन की कालाबजारी करने पर कड़ा एक्शन लिया



**चरथावल, 28 नवम्बर (बु.)।** चरथावल थाना क्षेत्र में राशन की कालाबजारी करने पर कड़ा एक्शन लिया गया। उक्त घोटाला पूर्ति विभाग की जांच-पड़ताल में पाया गया। राशन डीलर राशन कार्डधारकों को कई माह से राशन नहीं दे रहा था। उक्त राशन डीलर लोगों का अंगूठा लगवा कर राशन की पर्ची थमा देता था। मामला संज्ञान में आने पर पूर्ति विभाग ने दुकान को निलम्बित कर दिया है और एफआईआर की तैयारी चल रही है। चरथावल थाना क्षेत्र में कई राशन डीलर जमकर गड़बड़झाला कर रहे हैं। अगर सही तरीके से जांच की जाये तो सब पोल खुल जायेगी।

## बारातियों के दो पक्षों में जमकर मारपीट



**चरथावल, 28 नवम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र के ग्राम नगला राई में एक शादी समारोह में घुड़चढ़ी के दौरान डीजे की धुन पर गाना बजाने को लेकर बारातियों के दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गयी। मारपीट में दोनों पक्षों की ओर से चमड़े की बेल्टें चली। बड़ी मुश्किल से ग्रामीणों ने दोनों पक्षों के बीच बचाव कराया। हालांकि दोनों ओर से कई बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। हालांकि दोनों ओर से पुलिस को तहरीर नही दी गयी है। चरथावल थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह का कहना है कि अभी तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं आई है। तहरीर मिलते ही कार्यवाही की जाएगी।

## पुलिस ने 3 वारंटियों को किया गिरफ्तार



**चरथावल, 28 नवम्बर (बु.)।** थानाक्षेत्र में वारंटियों की धरपकड़ हेतु अभियान चलाया गया, जिसमें पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से अलग-अलग मामलों में 3 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए वारंटियों को जेल भेज दिया है। चरथावल प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह के नेतृत्व में हिंडन चौकी प्रभारी संदीप कुमार ने कांस्टेबल दीपक यादव के साथ मिलकर मारपीट एवं जान से मारने की धमकी के मामले में फरार चल रहे वारंटी अभियुक्त ध्यान सिंह पुत्र गोपाल निवासी मुथरा थाना चरथावल को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा दधेडू चौकी प्रभारी संजय तोमर ने हेड कांस्टेबल अजय कुमार के साथ मिलकर विद्युत अधिनियम के मामले में फरार चल रहे वारंटी सलीम पुत्र शब्बीर निवासी ग्राम दधेडू कला थाना चरथावल को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा चरथावल कस्बा इंचार्ज सुरेंद्र सिंह ने कांस्टेबल राहुल कुमार के साथ मिलकर विद्युत अधिनियम के मामले में फरार चल रहे वारंटी सलेकचंद्र पुत्र कलीराम निवासी मौहल्ला तीरग्रान कस्बा व थाना चरथावल को गिरफ्तार किया है। पुलिस में पकड़े गए तीनों वारंटियों को जेल भेज दिया है।

## पुलिस अभियान में 37 वारंटी गिरफ्तार



**मुजफ्फरनगर, 28 नवम्बर (बु.)।** एसएसपी अभिषेक सिंह ने अभियान चलवाकर 37 वारंटी अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सभी पर न्यायालय से गिरफ्तारी के वारंट थे। गुरुवार को पुलिस द्वारा पकड़े गए वारंटियों में नगर कोवातली से सन्दीप, बन्टी उर्फ अमित, सुमित, कमलकान्त, शाजिद को पकड़ा है। थाना सिखेड़ा से मतलूब, मनोज को पकड़ा गया है। थाना नई मंडी से रविन्द्र, ढोला उर्फ राशिद, रियाज, सोनिया को गिफ्तार किया है। चरथावल थाने से सालिम, सलेकचन्द्र व ध्यान सिंह को पकड़ा है। खतौली क्षेत्र पुलिस ने अरुण कुमार, देवदास, जयभगवान, रामचरण कृपाल सिंह, सोनू, कल्लू, बाबूराम, रनवीर को पकड़ा है। छपार थाना क्षेत्र से श्यामसिंह, अली हसन, इस्लाम, अमरपाल, उस्मान को पकड़ा है। सिविल लाईन से उस्मान, रशीदा, अकरम, खालापार थाना क्षेत्र से इस्तखार उर्फ शेरा, शहजाद को पकड़ा है। थाना मंसूरपुर से गुलशेर, ओमप्रकाश, बेगराज, इसरार, शाहनवाज राणा को पकड़ा है। एसएसपी अभिषेक सिंह ने बताया सभी को कोर्ट में पेश किया गया है।





## नई मंडी में आहूजा लेडिज पर्स शोरूम का हुआ शुभारम्भ

**मुजफ्फरनगर, 28 नवम्बर (बु.)।** नई मंडी स्थित वैदिक पुत्री पाठशाला के निकट आहूजा लेडिज पर्स का शुभारम्भ किया गया। आहूजा परिवार द्वारा स्कैच लेडिज पर्स की डीलरशिप ली गयी। शुभारम्भ के अवसर पर आहूजा परिवार के बलदेव आहूजा के पौत्र श्लोक आहूजा ने बताया कि कम्पनी द्वारा महिलाओं के हर वर्ग को ध्यान में रखकर अलग-अलग वैरायटी पहले ही बाजार में उतारी जाती है, जिसमें विवाह समारोह में उपयोग होने वाले डिजाइनर पर्स आजकल के फैशन के पोटली पर्स जोकि तरह-तरह के नगों, सिप आदि एम्बाइड्री से सुसज्जित हैं। इसी कम्पनी द्वारा छोटे हैंड पर्स व फैमली पर्स जिसमें बच्चों का सामान आदि भी आसानी से आ जाता है। ऐसे पर्स भी कम्पनी द्वारा उपलब्ध कराये गये हैं। पर्स में उपयोग होने वाली लैदर की क्वालिटी व उसके कलर कॉम्बीनेशन ग्राहक को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। कम्पनी द्वारा जैंटस पर्स एवं बैग का भी कलेक्शन उतारा गया है, जिसे लेने के लिए आज नई मंडी के वैदिक पुत्री पाठशाला के समीप आ सकते हैं। शुभारम्भ के अवसर पर आहूजा परिवार के सभी सदस्यगण मौजूद रहे।

## रवांडा से भारत लाया जा रहा लश्कर-ए-तैय्यबा आतंकी

**नई दिल्ली, 28 नवंबर (एजेंसी)।** भारत को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी। यहां के केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और इंटरपोल के साथ एक अभियान चलाया। इस अभियान का ही नतीजा है कि पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयबा के एक सदस्य को रवांडा से देश में वापस लाया जा रहा है। इसके खिलाफ बंगलूरू में आतंकी साजिश रचने के लिए इंटरपोल रेड नोटिस जारी किया गया था। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बताया कि एनआईए ने सलमान रहमान खान के खिलाफ आपराधिक साजिश, आतंकवादी संगठन का सदस्य होने और आतंकवादी संगठन को सहायता प्रदान करने तथा शस्त्र अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम से संबंधित अपराधों से संबंधित मामला दर्ज किया था। वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर ए तैयबा (एलईटी) का सदस्य है।

## ऊर्जा मंत्री करेंगे न्याय द्वार का लोकार्पण

**जानसठ, 28 नवम्बर (बु.)।** बार संघ जानसठ के द्वारा नवनिर्मित न्याय द्वार का लोकार्पण आगामी दो दिसंबर को उत्तर प्रदेश शासन में ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर द्वारा किया जाएगा। बार संघ जानसठ द्वारा कचहरी परिसर को भव्य रूप देने की दृष्टि से मुख्य मार्गो पर तीन द्वारों का निर्माण कराया गया है। संस्था के महासचिव दीपेश गुप्ता एडवोकेट ने आज प्रेस वार्ता में बताया कि सभी अधिवक्ताओं के सहयोग से वर्तमान कार्यकारिणी कचहरी परिसर को विकसित करने की दृष्टि से कार्य कर रही है। उसी कड़ी में परिसर के पूर्वी छोर पर विशाल एवं भव्य मुख्य द्वार का निर्माण कराया गया है, जिसका लोकार्पण ऊर्जा मंत्री सोमेंद्र तोमर द्वारा किया जाएगा। साथ में डॉ. वीरपाल निर्वाल अध्यक्ष जिला पंचायत मुजफ्फरनगर एवं उप जिला मजिस्ट्रेट जानसठ सुबोध कुमार और पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत जानसठ प्रवेंद्र भड़ाना एडवोकेट विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से अध्यक्ष अजय कुमार पंत एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष पोदी सिंह कश्यप, प्रदीप कुमार गर्ग, हसीन हैदर जैदी एवं वर्तमान कार्यकारिणी के हिलाल मेंहदी, गुरजीत सिंह, प्रवीण चौधरी, मोहम्मद असलम, श्रीराम, अनवर अहमद, विनोद चौधरी, अंकुर शर्मा, बृजेश कुमार, अंजू, सोफिया सिद्धिकी, शहजाद अली, जुल्फकार, स्नेहलता, शमशुल हसन आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## छेड़छाड़ के आरोपित को पकड़कर जेल भेजा

**सिखेड़ा, 29 नवम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव खेड़ीवीरान निवासी युवक ने युवती के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ की थी। पुलिस ने आरोपित युवक को पकड़कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र की एक गांव निवासी युवती अपनी बहन के साथ मंगलवार की दोपहर अपने घर पर मौजूद थी। गांव खेड़ी वीरान थाना सिखेड़ा निवासी भूरा उर्फ वरुण पुत्र सुरेन्द्र ने युवती के घर आकर उसके साथ छेड़छाड़ कर दी थी। युवती के शोर मचाने पर वह युवक भाग गया था। स्वजन ने भूरा उर्फ वरुण के खिलाफ युवती के साथ छेड़छाड़ करने की तहरीर दी थी। पुलिस ने छेड़छाड़ करने वाले युवक भूरा उर्फ वरुण को गुरुवार को घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## एमपीएमएलए कोर्ट में पूर्व गृह राज्यमंत्री सईदज्जमा व पूर्व विधायक मौलाना जमील समेत दस आरोपी कोर्ट में पेश हुए

**मुजफ्फरनगर, 28 नवम्बर (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के शहीद चौक पर भडकाऊ भाषण देने के मामले में एमपीएमएलए कोर्ट में पूर्व गृह राज्यमंत्री सईदज्जमा व पूर्व विधायक मोलाना जमील समेत दस आरोपी कोर्ट में पेश हुए है। कोर्ट मे इस मामले में सुनवाई के लिए 9 दिसम्बर की तिथि नियत की गयी है। 30 अगस्त 2013 को शहर कोतवाली क्षेत्र के शहीद चौक पर एक जनसभा की गयी थी। जनसभा में भडकाऊ भाषण दिए गए थे, जिसके बाद शहर कोतवाली पुलिस ने पूर्व गृह राज्यमंत्री सईदुज्जमा, पूर्व सांसद कादिर राणा, पूर्व विधायक नूर सलीम राणा, मोलाना जमील, अधिवक्ता असद जमा, सलमान सईद, एहसान कुरैशी, मुर्शरफ कुरैशी, नौशाद कुरैशी, सुल्तान मुशीर समेत सैकडों लोगों के खिलाफ भडकाऊ भाषण देने व अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी। इस मामले में पुलिस ने नामजद सभी आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। मामले की सुनवाई एमपीएमएलए कोर्ट के न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह फौजदार की कोर्ट में चल रही है। गुरुवार को पूर्व सांसद कादिर राणा व पूर्व विधायक नूरसलीम राणा की तरफ से हाजिरी माफी दी गयी। अन्य सभी आरोपी कोर्ट में पेश हुए है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने मामले में 9 दिसम्बर की तिथि नियत की है।

## सीमा से अपने सैनिकों को वापस बुलाने के समझौते को लागू करने में हो रही प्रगति

**नई दिल्ली, 28 नवंबर (एजेंसी)।** भारत और चीन की सेना पूर्वी लद्दाख में चार साल से अधिक समय से जारी गतिरोध को समाप्त करने के लिए इलाके से सैनिकों को वापस बुलाने के समझौते को लागू करने में तेजी से प्रगति कर रही हैं। चीनी रक्षा मंत्रालय की तरफ से गुरुवार को इसकी जानकारी दी गई। चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता सीनियर कर्नल वू कियान ने बताया कि पिछले हफ्ते वियतनाम में भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके चीनी समकक्ष एडमिरल डोंग जून के बीच एक सकारात्मक बैठक हुई थी। उन्होंने कहा कि वे चीन और भारत के बीच सामंजस्यपूर्ण तालमेल की भी उम्मीद करते हैं। पूर्वी लद्दाख में गतिरोध समाप्त करने के लिए पिछले महीने दोनों देशों के बीच हुए समझौते के कार्यान्वयन की प्रगति को लेकर वू कियान से सवाल किया गया। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष इस समझौते को लागू कर रहे हैं। चीनी प्रवक्ता ने कहा, "अब हम बहुत प्रगति कर रहे हैं।" उन्होंने आगे कहा कि दोनों मंत्री शीर्ष नेताओं के बीच बनी महत्वपूर्ण सहमति को लागू करने और संबंधों को आगे बढ़ाने पर सहमत हुए। चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता सीनियर कर्नल वू कियान ने कहा, "हमें उम्मीद है कि दोनों पक्ष अवसर का लाभ उठाएंगे और सैन्य संबंधों में नई प्रगति करने के लिए नई गति का निर्माण करेंगे।"

## परिजन करते रहे फोन, घर में पड़ा रहा शिक्षक का शव

**बिजनौर, 28 नवंबर (एजेंसी)।** धामपुर मार्ग स्थित थाना क्षेत्र के गांव धौलागढ़ में शिक्षक पवन यादव (48) की हत्या कर दी गई। उनका शव बाथरूम में लहूलुहान हालत में पड़ा था। गांव धौलागढ़ निवासी अध्यापक पवन यादव (48) क्षेत्र के गांव तंगरौली के प्राथमिक विद्यालय में मुख्य अध्यापक के पद पर कार्यरत थे। उनका परिवार बीती रात वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुरादाबाद गया था। पवन घर पर अकेले ही थे। देर रात परिजन उन्हें बार-बार फोन कर रहे थे कि मगर रिसीव नहीं हो रहा था। उनके पुत्र अभिषेक ने घर आकर देखा तो लहूलुहान अवस्था में बाथरूम में पवन पड़े थे। परिजन उन्हें निजी अस्पताल लेकर गये, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बृहस्पतिवार सुबह परिजनों ने शिक्षक की हत्या की सूचना पुलिस को दी। मौके पर शराब की खाली बोतल और चाकू पड़ा था।

## 11 दिसम्बर को सहारनपुर के सर्किट हाउस में होगी मंडल की पेंशन अदालत

**मुजफ्फरनगर, 28 नवम्बर (बु.)।** वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बताया कि सरकारी सेवकों की सेवानिवृति पर उनके सेवानिवृति लाभों एवं पेंशनरों को अनुमन्य देयों के भुगतान तत्काल कराने के उद्देश्य से अब सहारनुपर मंडल सहारनपुर की पेंशन अदालत का आयोजन 11 दिसम्बर को पूर्वान्ह में 11 बजे सर्किट हाउस सहारनपुर में किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जनपद कोषागार मुजफ्फरनगर में सरकारी सेवकों की सेवा सेवा निवृति पर उनके सेवानिवृति के लाभों एवं पेंशनरों से संबंधित वाद पत्र 5 दिसम्बर तक स्वीकार किये जायेंगें। उन्होंने बताया कि वाद पत्र केवल पेंशन पारिवारिक पेंशन ग्रेच्यूटी बीमा एवं राशिकरण के भुगतान से सम्बन्धित हो, इसके अतिरिक्त वेतन निर्धारण, वेतन वृद्धि, पेंशन पुनरीक्षण न्यायालय से संबंधित वाद स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

## राजेश कौशिक के दामाद का हुआ आकस्मिक निधन

**खतौली, 28 नवम्बर (बु.)।** दैनिक समाचार पत्र के सम्पादक राजेश कौशिक के दामाद के आकस्मिक निधन पर पत्रकारों सहित सामाजिक संगठनों द्वारा अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है। मिली जानकारी के अनुसार दैनिक समाचार पत्र के सम्पादक राजेश कौशिक के नगर क्षेत्र के दामाद निकटवर्ती गांव शेखपुरा निवासी जितेन्द्र शास्त्री की बीमारी के दौरान अचानक मौत हो गयी। मौत पर साहित्यकारों सहित क्षेत्र के सामाजिक संगठनों ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धासुमन अर्पित किये हैं। सम्पादक के दामाद जितेन्द्र शास्त्री (45) के निधन को लेकर सम्पादक के आवास व समाचार पत्र कार्यालय पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का दिनभर तांता लगा रहा। सम्पादक के दामाद के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार खतौली मोक्षधाम घाट पर किया गया। इस अवसर पर नगर क्षेत्र के पत्रकारों सहित सामाजिक, राजनैतिक दलों के लोग मौजूद रहे।

## ट्रेक्टर-ट्रॉली की टक्कर बिजली के खंम्बे हुए क्षतिग्रस्त



**चरथावल, 28 नवम्बर (बु.)।** चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरगढ़ में ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर बिजली के खंम्बों में लगने से एक बहुत बड़ा हादसा होने से टल गया। आपको बता दें कि चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरगढ़ में ददम पुत्र मेशो ने अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली से बिजली के खम्बों में टक्कर मार दी, जिससे बिजली के तीन खंबे टूटकर नीचे गिर गए, वहीं एक खम्बा राजेश नामक युवक की कार पर गिरने से उसकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि हादसे के समय बिजली नहीं आई हुई थी। अगर हादसे के समय बिजली आई हुई होती, तो गांव में आज बहुत बड़ा हादसा हो सकता था।

## भाकियू नेता के विरुद्ध थाने में तहरीर दी

**चरथावल, 28 नवम्बर (बु.)।** कालेज से घर लौटते समय रास्ते में कार की टक्कर लगने से घायल छात्रा की माँ ने आरोप लगाते भाकियू नेता के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं भाकियू नेता विकास शर्मा ने घटना को झूठा बताते हुए विरोध स्वरूप धरने की चेतावनी दी है। थाना-क्षेत्र के ग्राम घिस्सूखेड़ा निवासी सुमन पत्नि सतपाल सिंह ने अपने तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री सलोनी बीए की छात्रा है। वह 21 नवम्बर को चरथावल से कालेज की छुट्टी के बाद गांव के व्यक्ति के साथ बाइक से घर लौट रही थी, तभी रास्ते में पीछे से आ रही काले रंग की बोलेरो कार ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी पुत्री गम्भीर रूप से घायल हो गयी। आरोप है कि इस कार को भाकियू नेता विकास शर्मा चला रहा था। वहीं सूचना पर पहुंचे स्वजन व ग्रामीण घायल को सीएचसी ले गये थे। घायल की हालत गम्भीर देखते हुए चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया था, जिसका उपचार निजी चिकित्सक के यहां चल रहा है। थाना प्रभारी जसवीर सिंह का कहना है कि महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## एसडी इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी में जोनल लेवल-इन्टर टैक्निकल यूनिवर्सिटी लिटरेरी, मैनेजमेन्ट एंड टैक्निकल फेस्ट 2024-25 का समापन






**मुजफ्फरनगर, 28 नवम्बर (बुस.)।** जानसठ रोड स्थित एसडी कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा आयोजित दो दिवसीय जोनल लेवल-इन्टर टैक्निकल यूनिवर्सिटी लिटरेरी, मैनेजमेन्ट एंड टैक्निकल फेस्ट 2024-25 का समापन हुआ। महोत्सव के द्वितीय दिवस में एड-मेड एडवरटाइजिंग, बेस्ट शॉट आन द स्पाट, डिबेट, डेक्लमेशन, इन्नो क्वेस्ट, टरबो एआई चैलेंज व इन्नो शो केस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें उ.प्र. के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग व प्रबन्धन कॉलेजों के 85 छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ श्रीमति अंकिता कुमार पत्नी अनुभव कुमार-सचिव व डॉ. निखिल चैधरी-डीसीओई, एकेटीयू, लखनऊ तथा डॉ. सिद्धार्थ शर्मा-निदेशक ने किया। अंकिता कुमार ने छात्र-छात्राओं को शुभाशीष देते हुये कहा कि अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय की विभिन्न संस्थाओं में अध्यनरत तकनीकी एवं प्रबन्धन के छात्र-छात्राओं का भविष्य उज्जवल है। डॉ. निखिल चौधरी ने कहा कि डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा आयोजित इन्टर टैक्निकल यूनिवर्सिटी लिटरेरी, मैनेजमेन्ट एंड टैक्निकल फेस्ट के माध्यम से हर साल छात्रों के समग्र विकास के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करता है। इस महोत्सव का उद्देश्य न केवल छात्रों की रचनात्मकता और ज्ञानवर्धन को बढ़ावा देना है, बल्कि उन्हें नेतृत्व, प्रबंधन और तकनीकी दृष्टिकोण से भी सशक्त बनाना है। डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने दो दिवसीय महोत्सव के आयोजन के लिये धन्यवाद देते हुये कहा कि महोत्सव में प्रतिभाग करने वाले छात्रों को उनके शैक्षिणिक और व्यक्तिगत विकास के लिए एक अनूठा अवसर प्राप्त हुआ है। छात्रों को यहां सीखने का अवसर मिला है कि किस प्रकार उनकी रचनात्मकता, प्रबंधन कौशल और तकनीकी समझ उन्हें एक समग्र और प्रभावी व्यक्तित्व बनाने में मदद कर सकती है। कार्डिनेटर-मनोज झा ने बताया कि द्वितीय दिवस की प्रतियोगताओं के निर्णायक मंडल में एड-मेड एडवरटाइजिंग व डिबेट में वेद प्रकाश शर्मा व नादिर राणा निर्णायक रहे। बेस्ट शॉट आन द स्पाट में गौरव त्यागी व मनीष चावला निर्णायक रहे। डेक्लमेशन में डॉ. निखिल चौधरी व गोपेश धमीजा निर्णायक रहे। इन्नो क्वेस्ट में गोपेश धमीजा व राजीव कुमार निर्णायक रहे। टरबो एआई चैलेंज में इं. संचित सिंघल, नैन्सी व छवि शर्मा निर्णायक रहे। इन्नो शो केस में डॉ. राजेश कुमारी, विजय मित्तल व अक्षय गुप्ता निर्णायक रहे। एड-मेड एडवरटाइजिंग में आईआईएमटी, मेरठ के सक्षम कौशिक, रमन तोमर, यश वर्मा व रोहन गर्ग प्रथम तथा बीआईटी, मेरठ के वासु गोयल, तीसा दक्ष, रेखा सैनी व राधिका मित्तल द्वितीय स्थान पर रही। बेस्ट शॉट आन द स्पाट में आईआईएमटी, मेरठ के सक्षम कौशिक प्रथम, एसडी कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी के आर्यन चौहान द्वितीय तथा बीआईटी, मेरठ की इशिता त्यागी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिबेट में आईआईएमटी, मेरठ के वासु सिंघल, श्रीराम कालेज, मुजफ्फरनगर के मो. आलिम व एसडी कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी, मुजफ्फरनगर के लक्ष्य शर्मा विजयी रहे। डेक्लमेशन में आईआईएमटी, मेरठ के वासु सिंघल व बीआईटी, मेरठ की साक्षी सैनी व एसडी कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी के श्रेया शर्मा व वीरा इंजीनियरिंग, बिजनौर के मानवी तिवारी विजयी रही। इन्नो क्वेस्ट में श्रीराम कालेज, मुजफ्फरनगर के मो. शाहबाज व वीरसन तथा एसडी कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी के शौर्य गौड़ व हनी विजयी रहे। टरबो एआई चैलेंज में बीआईटी, मेरठ के करण व लक्ष्य वार्ष्णेय तथा एसडी कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी के उत्तम कुमार व वंश विजयी रहे। इन्नो शो केस में बीआईटी, मेरठ के दक्ष सैनी व लक्ष्य प्रथम तथा आईआईएमटी, मेरठ के चिराग व आयुष रस्तौगी विजयी रहे। सभी विजयी छात्र-छात्राओं को ट्राफी, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया व प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

## छात्र-छात्राओं ने किया अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन




**मुजफ्फरनगर, 28 नवम्बर (बुस.)।** एसडी कॉलेज ऑफ लॉ में आयोजित स्पोर्ट्स मीट के अंतर्गत चौथे दिन टेबल टेनिस और बैडमिंटन प्रतियोगिता फाइनल में छात्र-छात्राओं ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता (छात्र वर्ग) में विदित ने पहला, सिद्धार्थ ने दूसरा तथा संजीव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया तथा (छात्रा वर्ग) में पल्लवी ने पहला, कीर्ति ने दूसरा तथा आतिफा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन डबल प्रतियोगिता में सिद्धार्थ एवं संजीव ने पहला, विदित एव अबुजर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता के संचालन में अनीता सिंह, प्रीति लौर तथा मैच कमेन्ट्री के लिए वैभव कश्यप का सराहनीय योगदान रहा। टेबल टेनिस प्रतियोगिता में सिद्धार्थ ने प्रथम, अनमोल ने दूसरा, महानुराग ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। टेबल टेनिस प्रतियोगिता के सफलतापूर्वक संचालन के लिए अमित चौहान, अमित त्यागी, अमित भारद्वाज, विपुल कुमार का विशेष योगदान रहा। शुक्रवार को विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जायेगा। खेल के सफलतापूर्वक संचालन एवं विशेष रूप से प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के प्रति प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेणु गर्ग ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले सत्र में भी छात्र-छात्राओं का उत्साह देखने को मिलेगा तथा कॉलेज निदेशक मंजू मल्होत्रा ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ. मुकुल गुप्ता, डॉ. अमित चौहान, डॉ. प्रीति चौहान, पूनम रानी, बबीता गर्ग, छवि जैन, अमित त्यागी, वैभव कश्यप, डॉ. अभिनव गोयल, अनीता सिंह, उमेश चन्द्र त्रिपाठी, अमित भारद्वाज, गरिमा तोमर, प्रीति दीक्षित, डॉ. दीपक मालिक, विपुल कुमार, शुभम सिंघल, प्रदीप सिंघल, संतोष शर्मा, संजीव कुमार, विवेक सिरोही, मौ. आमिर आदि उपस्थित रहे।


संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2024

सम्पादक की क़लम से

## वाराणसी कॉलेज और वक्फ बोर्ड

वक्फ बोर्ड को लेकर इन दिनों बहुत चर्चाएं चल रही हैं। पंजाब हाई कोर्ट ने वक्फ बोर्ड के हक में फैसला भी दिया है। संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत होने से पहले ही वक्फ संशोधन बिल को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो चुका था। इसी बीच वक्फ संपत्ति को लेकर ही वाराणसी से एक मामला सामने आया है। वाराणसी के 115 साल पुराने उदय प्रताप कॉलेज को वक्फ बोर्ड की संपत्ति होने का दावा किया गया है। वक्फ बोर्ड द्वारा उदय प्रताप कॉलेज की जमीन पर मालिकाना हक जताते हुए नोटिस जारी किया गया है। इस नोटिस में कॉलेज की संपत्ति को सुन्नी बोर्ड से अटैच होने की बात कही गई है। वाराणसी के भोजूबीर क्षेत्र में उदय प्रताप कॉलेज की स्थापना महाराजा राजर्षि सिंह जू देव द्वारा 1909 में की गई थी। यहां के परिसर में उदय प्रताप इंटर कॉलेज, रानी मुरार बालिका इंटर कॉलेज, उदय प्रताप पब्लिक स्कूल, मैनेजमेंट कॉलेज, साथ ही उदय प्रताप स्वायत्तशासी कॉलेज संचालित किया जाता है। कालेज परिसर में एक मस्जिद भी स्थित है, जिस पर आसपास के लोग नमाज अदा करने जाते हैं। साल 2018 में वसीम अहमद नामक एक व्यक्ति द्वारा लखनऊ स्थित वक्फ बोर्ड कार्यालय में एक आवेदन दाखिल किया गया था, जिसमें उन्होंने कॉलेज की संपत्ति को वक्फ की प्रॉपर्टी बताया था। इस आवेदन के आधार पर सुन्नी वक्फ बोर्ड द्वारा 2018 में उदय प्रताप कॉलेज प्रबंधन को एक नोटिस जारी किया गया था। इस नोटिस का जवाब देते हुए कालेज प्रबंधन द्वारा कहा गया कि मस्जिद अवैध तरीके से बनी है। मस्जिद का कोई कागजात नहीं है, जबकि कॉलेज की संपत्ति इंडाउमेंट ट्रस्ट की है, जो जमीन न खरीदी जा सकती है, न ही बेची जा सकती है। ऐसे में यह मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। यह मामला इसलिए भी सुर्खियों में आया कि कुछ दिन पहले वाराणसी दौरे पर पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ खुद उदय प्रताप कॉलेज के 115वें स्थापना दिवस पर परिसर में पहुंचे थे। उन्होंने इसी कॉलेज को आने वाले समय में यूनिवर्सिटी बनाने की बात कही थी। अब इस कॉलेज परिसर के वक्फ संपत्ति वाले दावे को लेकर छात्र काफी नाराज हैं। उन्होंने कहा है कि किसी भी हाल में हम कॉलेज की संपत्ति को वक्फ बोर्ड की संपत्ति नहीं होने देंगे। आठ अगस्त को लोकसभा में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजिजू ने 'वक्फ संशोधन विधेयक, 2024' पेश किया था। इस विधेयक का विपक्ष ने पुरजोर विरोध किया था। उसके बाद नौ अगस्त को इसे आगे की चर्चा के लिए संसद की संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया गया था। वक्फ बोर्ड को मिली असीमित शक्तियों पर लगाम लगाने के लिए केंद्र सरकार वक्फ बिल लाई है, लेकिन विरोधी लगातार इसका विरोध कर रहे हैं। केंद्रीय कैबिनेट ने करीब 40 वक्फ संशोधनों को मंजूरी दे दी है। कहा जा रहा है कि वक्फ बोर्ड कांग्रेस द्वारा 2013 में प्रदान की गई असीमित शक्तियों का बेजा इस्तेमाल करते हुए लगातार संपत्तियों पर मनमाना तरीके से हक जताता जा रहा है, जिसके विरोध में लगातार लोग अपनी आवाजें उठा रहे हैं। वक्फ की कार्यशैली पर भी लोग सवाल उठाते रहे हैं। हाल ही में संयुक्त संसदीय समिति की बैठक के दौरान मुस्लिम महिलाओं ने वक्फ बोर्ड के मनमाने रवैये पर सवाल उठाते हुए दावा किया था कि वक्फ में अब आपराधिक तत्वों का कब्जा हो गया है। वहां पर आम मुसलमान की नहीं सुनी जाती है। अब वक्फ संशोधन विधेयक के लिए गठित समिति का कार्यकाल बजट सत्र 2025 के आखिरी दिन तक बढ़ाया गया है। लोकसभा ने इस प्रस्ताव पर मंजूरी दे दी है। समिति को इस सप्ताह के अंत तक रिपोर्ट देनी थी। मामले में समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल का कहना है कि समिति के सभी सदस्य इस बात पर सहमत हैं कि जेपीसी का कार्यकाल बढ़ाया जाना चाहिए। समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा था कि समिति की रिपोर्ट लगभग तैयार है और इसे समय से सदन को भेजा जाएगा। विपक्ष समिति का कार्यकाल बढ़वाना चाहता था। इस संबंध में विपक्षी नेताओं ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी मुलाकात की थी। तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि समिति का ज्यादातर समय सत्ता पक्ष से जुड़े लोगों से ही चर्चा में लगाया गया और जिन राज्यों में सबसे ज्यादा वक्फ संपत्ति है, उन्हें नहीं बुलाया गया। इसके बाद संयुक्त संसदीय समिति की बुधवार को पार्लियामेंट हाउस एनेक्सी में बैठक हुई। बैठक के बाद बाहर आए सांसदों ने इस बात की पुष्टि की कि समिति का कार्यकाल बढ़ाए जाने पर सहमति बन गई है। वक्फ बोर्ड को लेकर पंजाब से भी खबर आई है। पंजाब के कपूरथला जिले के बुधो पुंदेर गांव की वक्फ बोर्ड जमीन मामले में ग्राम पंचायत ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने का निर्णय लिया है। ग्राम पंचायत का आरोप है कि इस भूमि पर उनका अधिकार है और वक्फ बोर्ड का दावा गलत है। अब ग्राम पंचायत इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी कर रही है। इस मामले ने उस समय तूल पकड़ा जब उच्च न्यायालय ने वक्फ बोर्ड के दावे को सही ठहराया, जिसमें कहा गया था कि यह भूमि मस्जिद, कब्रिस्तान और मुसलमानों के सामान्य उपयोग के लिए दान की गई थी, और बाद में 1971 में वक्फ बोर्ड को सौंप दी गई थी। न्यायालय ने इस भूमि को वक्फ संपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया और ग्राम पंचायत की दलीलों को खारिज कर दिया। ग्राम पंचायत के सदस्य रेशम सिंह ने कहा कि इस भूमि पर पिछले 40-50 सालों से गांव के लोग खेती कर रहे हैं और उन्होंने इस भूमि पर कब्जा नहीं किया है, बल्कि इसे जमींदारों ने वक्फ बोर्ड से छुड़वाया था। रेशम सिंह ने यह भी कहा कि वक्फ बोर्ड की संपत्ति और मस्जिद मुसलमानों की है, लेकिन भूमि पर जो कब्जा है, वह जमींदारों ने जानबूझकर किया हुआ है। इस पर उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत अब इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अपील करेगी। ग्राम पंचायत के सरपंच कुलवंत सिंह ने भी इस फैसले पर असहमति जताई है। उन्होंने कहा कि गांव में स्थित मस्जिद और गुरुद्वारा दोनों ही खुले हैं, लेकिन मस्जिद में आज तक कोई व्यक्ति नहीं आया है। वहीं, गुरुद्वारे में संगत दर्शन के लिए आती है। सरपंच ने बताया कि यह भूमि करीब 16 से 17 एकड़ में फैली हुई है और इस पर पिछले 15-20 सालों से मुकदमा चल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि यह जमीन नगर पंचायत की है और उसी की रहेगी।

### चार तीर

सुनील उत्सव

"हरकत" "बातें" "सोच" "नीयत"

दूर देश कैसे शैतानों की हरकत से खुश होते हो,
तुमको उनकी काली-काली बातें अच्छी लगती हैं।
सोच तुम्हारी, नीयत सारी, चेहरे सब, अब साफ हुए,
शैतानों को शैतानों की बातें अच्छी लगती हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने दिया महिला सरपंच की बहाली का आदेश

**नई दिल्ली, 28 नवंबर (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ की महिला सरपंच की बहाली का आदेश जारी किया। कोर्ट ने आदेश में छत्तीसगढ़ सरकार के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि अफसरों को ग्रामीण इलाकों में महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए उदाहरण पेश करना चाहिए। मौजूदा समय में महिलाओं के नेतृत्व को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। दरअसल छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले की सजबहार पंचायत की महिला सरपंच सोनम लड़का को निर्माण सामग्री की आपूर्ति और निर्माण कार्य पूरा होने में देरी पर सरपंच पद से हटा दिया गया था। सोनम ने राज्य के अधिकारियों के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद सोनम ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। सुप्रीम कोर्ट ने 14 नवंबर को याचिका पर सुनवाई की और अफसरों के फैसले पर कड़ी नाराजगी जताते हुए राज्य सरकार पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। साथ ही महिला सरपंच को बहाल करने का आदेश दिया था।

# बांग्लादेश के झंडे को किया आग के हवाले, किया प्रदर्शन

## - बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे हमलों का किया विरोध

**मुजफ्फरनगर, 28 नवम्बर (बु.)।** बांग्लादेश में इस्कॉन मंदिर के मुख्य पुजारी चिन्मय कृष्ण दास प्रभु जी की गिरफ्तारी और हिंदुओं की निर्मम हत्या के विरोध में गुरूवार को शिवसेना के नेता मनोज सैनी के आह्वान पर शिव सेना कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश की सरकार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान शिवसैनिकों ने प्रदर्शन करते हुए वहां के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के फोटो का मुंह काला करते हुए बांग्लादेश का झंडा फूंका। शिवसेना के दर्जनों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गुरूवार में शिव चौक स्थित तहसील मार्केट के कार्यालय पर एकत्रित हुए। इस दौरान प्रदेश महासचिव डॉ. योगेंद्र शर्मा व मंडलाध्यक्ष लोकेश सैनी के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए जुलूस के रूप में शिवचौक पहुंचे और वहां बांग्लादेश के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बांग्लादेश के राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के फोटो पर जूते चप्पल बरसाते हुए उनका मुंह काला करते हुए बांग्लादेश के झंडे को आग के हवाले कर दिया। महासचिव राजेश कश्यप ने कहा कि बांग्लादेश में लगातार हिंदुओं की हत्याएं हो रही है एवं उन्हें धर्म परिवर्तन करने के लिए प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाए कि प्रसिद्ध इस्कॉन मंदिर के महंत को



गिरफ्तार कर उनका उत्पीड़न भी किया जा रहा है। एक ओर जहां भारत देश में आतंकवादियों के खिलाफ ऐसे में कार्यवाही पर मानवाधिकार आयोग समेत विश्व के कई देश उनके समर्थन में खड़े हो जाते है, पर बांग्लादेश में हिंदू और हिंदू संतों पर अत्याचार के बाद उनके समर्थन में कोई आवाज नहीं उठा रहा है। यहां तक कि केंद्र सरकार भी कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि वो बांग्लादेश के हिंदुओं की सुरक्षा को तुरंत कार्यवाही करते हुए आर्मी एक्शन करें। इस दौरान मुख्य रूप से प्रमोद अग्रवाल, संजय गोयल, रविंद्र नायक, आशीष शर्मा, बसंत कश्यप, रविंद्र सैनी, प्रदीप कोरी, नरेश सैन, लोकेश कश्यप, संजय गुप्ता, संजीव शास्त्री, सनी वर्मा, गोपी वर्मा, दीपक वर्मा, विशाल सिंघल, डॉ. सचिन कुमार, राज कुमार सैनी, अनिल शर्मा, राजू मास्टर, सूरज मिश्रा, सुनील, मुकेश कश्यप, अमित पाल, सोनू पाल, विक्की सैनी, सुनील, विपिन, निर्मल, विनोद, प्रवीण, विकास, अमन वर्मा, मोनू, दिनेश, निखिल और नितिन कुमार आदि मौजूद रहे।

# मिशन प्रेरणा फेस-2 निपुण भारत को लेकर समीक्षा बैठक

**मुजफ्फरनगर, 28 नवम्बर (बु.)।** विकास भवन सभागार में मिशन प्रेरणा फेस-2 निपुण भारत के अंतर्गत आहूत जिला अनुश्रवण समिति एवं जनपद स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में बेसिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा के तहत संचालित विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए जरुरी दिशा निर्देश दिए। प्रमुख सचिव के निर्देशों के बीच जनपद में आयोजित होने वाली निपुण एसेसमेंट परीक्षा के साथ आगामी 4 दिसंबर को होने वाली परख परीक्षा के संबंध में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक डीएम उमेश मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अनुश्रवण समिति एवं जनपद स्तरीय टास्क फोर्स के सदस्य, जिला समन्वयक समग्र शिक्षा, सभी एमडीएम और एसआरजी मौजूद रहे। डीएम उमेश मिश्र ने बेसिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित विभागीय कार्यक्रम एवं योजनाओं व जिला स्तरीय टास्क फोर्स के सदस्यों के किए मासिक निरीक्षण की विस्तृत समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत असंतृप्त पैरा मीटर की समीक्षा करते हुए कहा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में अव्यवस्थित परिषदीय विद्यालयों को मूलभूत अवस्थापना सुविधा के तहत टायलिंग ऑन क्लास रूम, फर्नीचर और बाउंड्रीवॉल निर्माण आदि कार्य में सामंजस्य स्थापित करते हुए एक सप्ताह में शत-प्रतिशत पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि 5 दिवस में समस्त पेंडेंसी समाप्त करते हुए आख्या उपलब्ध कराएं और जर्जर भवनों का मूल्यांकन करते हुए नीलामी प्रक्रिया व ध्वस्तीकरण कराने की पहल करें। वहीं नीलामी हुए जर्जर भवनों को निष्प्रयोज्य घोषित करते हुए ध्वस्तीकरण करा दिया जाए। कार्य को प्राथमिकता प्रदान की जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षय नहीं होगी। जिले के परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय भवनों के ऊपर से जा रहे हाईटेंशन विद्युत लाइन शिफ्टिंग की समीक्षा कर बीएसए को निर्देश दिए कि इस संबंध में विद्युत विभाग से भी एस्टीमेट ले लिया जाए। समीक्षा के दौरान डीएम ने निर्देश दिए कि वे एक बार स्वयं देख लें, कि भवन, कमरे ठीक स्थिति में हैं, उनमें सभी दरवाजे, खिड़की के कुंडे ठीक प्रकार से लगे हैं, कहीं कोई गड़बड़ पाई जाती है तो संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी का दायित्व निर्धारित करते हुए संबंधित के वेतन से कटौती की जाएगी। बीएसए द्वारा ऐसे स्कूलों की रिपोर्ट तैयार कराकर उनकी जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां बिजली खंभे लोहे के लगे हैं, चेंज करा लें या उन पर सुरक्षा दृष्टि से 5 फीट ऊंचाई तक पॉलीथिन बंधवा दी जाए ताकि कोई अप्रिय घटना न घट सके। जनपद एवं ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स सदस्यों को निर्देशित किया कि अपने निरीक्षण में विद्यालय की भौतिक स्थिति, शैक्षिक स्तर के अतिरिक्त बच्चों की उपस्थिति पर फोकस करते हुए विशेष ध्यान दें। उन्होंने निर्देश दिए कि शिक्षक स्कूल समय के बाद अनुपस्थित बच्चों के घर जाएं और उनके माता-पिता एवं अभिभावकों को जागरुक करते हुए उन्हें बच्चों के भविष्य के विषय में समझाएं। सीडीओ ने समस्त खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि परिषदीय विद्यालयों मे अध्यनरत बच्चों को मध्याह्न भोजन वितरण के साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को एमडीएम के अंतर्गत खाना उपलब्ध कराया जाए। इन केंद्रों का कोई बच्चा खाना खाने से वंचित न रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि विकास खंडवार अच्छा व सराहनीय कार्य करने वाले सभी शिक्षकों को चिन्हित कर उन्हें सम्मानित करायें तथा कार्य न करने वाले शिक्षकों की सेवाएं समाप्त की जाएं।



## पश्चिमी यूपी के 13 जिलों में लगेंगे वाटर मीटर, 99 करोड़ रुपये होंगे खर्च

**सहारनपुर, 28 नवंबर (एजेंसी)।** पेयजल की बबार्दी रोकने के लिए सरकार पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर 2477 जलापूर्ति योजना शुरू कर रही है। प्रदेश को कई जोन में बांटा गया है। सहारनपुर सहित 13 जनपदों को गाजियाबाद जोन में रखा गया है। इन जनपदों के बड़े निकायों से एक और अधिकतम दो वार्डों का चयन किया गया है, जहां 24 घंटे जलापूर्ति की जाएगी। चयनित वार्ड के प्रत्येक घर पर वाटर मीटर लगेंगे। योजना पर काम जल निगम कर रहा है। सहारनपुर में नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 21 को लिया गया है। इससे सटे वार्ड-37 और 39 का भी कुछ शामिल है। योजना के तहत अलग से पाइपलाइन बिछाने के साथ ही एक ओवरहैड टैंक और दो नलकूप स्थापित किए जाएंगे। 2,730 घरों में अलग से वाटर कनेक्शन दिए जाएंगे, जिनके साथ वाटर मीटर लगेगा। संबंधित घरों को 24 घंटे होने वाली जलापूर्ति मीटर में दर्ज रहेगी। यदि योजना सफल होती है तो भविष्य में इसे सभी वार्डों में लागू किया जाएगा, जिससे पानी की बबार्दी को रोका जा सके। क्योंकि भविष्य में निकाय बिजली की तरह वाटर खर्च के हिसाब से शुल्क वसूलेगी, जिससे नागरिकों को पानी की उपयोगिता समझ में आ सके। जल निगम ने योजना पर काम शुरू कर दिया है। फिलहाल ओवरहैड टैंक के लिए जगह चिह्नित की जा रही है। योजना जून 2026 तक पूर्ण करनी है। योजना के तहत बिछने वाली पाइपलाइन में स्काडा (सुपरवाइजरी कंट्रोल ऐंड डेटा एक्विजिशन) सिस्टम लगेगा। यदि पाइप लाइन में कहीं पर कोई लिकेज की समस्या होगी तो उसे आसानी से पकड़ा जा सकेगा। मुजफ्फरनगर के तीस वार्डों के लिए 618.95 रुपये स्वीकृत किए गए है।



## अभिनेत्री उर्मिला पर गोल्डन टेंपल एक्सप्रेस में हमले का प्रयास

**सहारनपुर, 28 नवंबर (एजेंसी)।** बॉलीवुड अभिनेत्री उर्मिला सनावर पर गोल्डन टेंपल एक्सप्रेस में हमले का प्रयास किया गया। उन पर यह हमला दिल्ली से मुंबई जाते समय हुआ। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली है, जिसमें आरोप लगाया कि यह राजनीतिक साजिश के तहत उनकी हत्या का प्रयास है। सहारनपुर निवासी उर्मिला सनावर ने बताया कि वह 16 नवंबर को गोल्डन टेंपल एक्सप्रेस से दिल्ली से मुंबई जा रही थीं। बी-एक कोच में सीट संख्या 28 आरक्षित थी। वह ट्रेन में सवार हुईं तो एक महिला और उनकी बेटी ने उनसे सीट बदलने का आग्रह किया। इस पर वह आरक्षित बी-दो कोच की सीट संख्या एक पर बैठ गईं। आरोप है कि इसी दौरान कुछ संदिग्ध लोग उनकी सीट पर पहुंचे। वहां बैठी महिला व उसकी बेटी से अभिनेत्री के बारे में पता किया, लेकिन महिला ने जानकारी नहीं दी। उर्मिला ने बताया कि उनके टिकट की जानकारी सहारनपुर के ही एक करीबी को ही थी। कुछ लोग राजनीतिक रंजिश के चलते उनकी हत्या कराना चाहते हैं, जिसमें वह कभी सफल नहीं होंगे। उन्होंने अपने फेसबुक पेज पर लिखा कि जाको राखे साइया मार सके न कोई। फिलहाल अभिनेत्री मुंबई में हैं।

# गैंगस्टर व गंभीर मामलों में प्रभावी पैरवी करें अफसर: एडीएम

## - महिला उत्पीड़न व बालिका समस्याओं के निदान के निर्देश - अभियोजन कार्यो की समीक्षा कर दिए जरुरी दिशा निर्देश

**मुजफ्फरनगर, 28 नवम्बर (बु.)।** एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में संपन्न हुई अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक में अधीनस्थों ने निर्देश दिए कि गैंगस्टर एवं गंभीर प्रकृति के वादों में प्रभावी पैरवी कर अधिक से अधिक दोषियों को सजा दिलाई जाए। उन्होंने पॉक्सो एक्ट में पैरोकार की व्यवस्था करने के निर्देश देते हुए कहा कि लक्ष्य तय करते हुए अधिक से अधिक दोषियों को सजा दिलाया जाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि सभी अपराधी किस्म के लोगों को यह मैसेज जाए कि छोटे से छोटा अपराध करने पर भी वे सजा से बच नहीं सकते हैं। अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा करते हुए उन्होंने जनपद में महिलाओं व बालिकाओं की शिकायतों को पुलिस अफसरों से प्राथमिकता के आधार पर सुने जाने एवं पूर्ण रूप से सहयोग दिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हर माह की कार्य योजना बनाते हुए जिले के टॉप-10 अपराधियों को सजा दिलाया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि





न्यायालय में साक्ष्य के लिए आने वाले गवाहों से शत प्रतिशत परीक्षित कराया जाये व दोषमुक्त मामलों में नियमानुसार अपील की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए। बैठक में उन्होंने मौजूद शासकीय अधिवक्ताओं एवं अभियोजन के अधिकारियों से न्यायालयों में साक्षियों की उपस्थिति और उनके पक्षद्रोही होने के कारणों की भी समीक्षा की। उन्होंने समन तामीली समयबद्ध होने के साथ साक्षियों को न्यायालयों के समक्ष परीक्षित कराया जाने, अकारण साक्षियों की वापसी न होने पाए, इसके लिए हर दशा में सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। न्यायालयों में विचाराधीन मामलों में सफल अभियोजन पैरवी कर सजा का प्रतिशत बढ़ाया जाना चाहिए, ताकि न्यायालयों में लंबित पुराने मामलों का निस्तारण शीघ्र हो सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक अपराध प्रशांत कुमार, अभियोजन अधिकारी समेत अन्य शासकीय अधिवक्ता उपस्थित रहे।

मैं ब्रिलियेन्ट कुमार पुत्र ब्रजभान निवासी ग्राम- बाननगर, जिला- मुजफ्फरनगर घोषणा करता हूँ कि मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद बोर्ड द्वारा जारी व्यक्तिगत इण्टरमीडिएट की मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण वर्ष 2015-2016 जन्मतिथि 9/8/1998 की मार्कशीट वास्तव में कहीं खो गयी है।

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म पंजीकरण संख्या 13439 दिनांक 24.11.2013 में मेरे पुत्र का नाम गलती से चिराग चौधरी (CHIRAG CHOUDHRY) दर्ज हो गया है, जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम अर्थ बैनिवाल (ARTH BENIWAL) है तथा भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम संशोधन हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

निवेदक- हिमांशु बैनिवाल पुत्र अरूण कुमार
निवासी- ग्राम मंडावली, तहसील रूड़की, जिला- हरिद्वार
मो. 9412213473

# पेट्रोल-डीजल पर टैक्स से लूट रही सरकार

## - पांच साल में 36 लाख करोड़ कमाए; क्रूड सस्ता फिर भी राहत नहीं



**नई दिल्ली, 28 नवंबर (एजेंसी)।** पेट्रोल-डीजल पर टैक्स लगाकर सरकार का खजाना भर रहा है। अगर पिछले पांच साल की बात करें तो पेट्रोल-डीजल पर बढ़ाए गए टैक्स के चलते सरकार ने 36 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि एकत्रित कर ली है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि मई 2014 से लेकर अब तक अंतरराष्ट्रीय क्रूड ऑयल में 32 प्रतिशत की गिरावट आई है, लेकिन मोदी सरकार ने लोगों को कोई राहत नहीं दी। पेट्रोल-डीजल पर लूट जारी है। भाजपा के राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला ने सदन में यह सवाल पूछा था कि गत पांच वर्ष के दौरान पेट्रोल-डीजल पर लगाए गई सेंट्रल एक्साइज ड्यूटी, टैक्स एवं सैस, के चलते कितना राजस्व एकत्रित हुआ है। कांग्रेस सांसद ने यह भी पूछा था कि मार्च 2024 से लेकर अब ग्लोबल क्रूड प्राइस 21 प्रतिशत कम हुआ था, क्या इसके बाद पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई छूट प्रदान की गई है। कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, पेट्रोल और डीजल पर बेतहाशा टैक्स, ड्यूटी और सैस लगाकर मोदी सरकार ने आम जनता से लाखों करोड़ों रुपए लूटे हैं। संसद में पूछे गए प्रश्न के उत्तर के अनुसार, सरकार ने पिछले 5 साल में लोगों की जेबों से 36 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा पैसों की उगाही की है। मोदी सरकार तर्क ये देगी कि ये पैसा कल्याणकारी योजनाओं और इन्फ्रास्ट्रक्चर पर खर्च होता है। भाजपा ने लगातार कल्याणकारी योजनाओं का फंड बढ़ाने के बजाय आंकड़ों की हेराफेरी और तथ्यों से छेड़-छाड़ कर उसे कम किया है। कभी पुरानी स्कीम बंद करना, कभी कांग्रेस की योजनाओं का नाम बदल पुरानी योजना को नया बताना और कभी अपनी ही योजनाओं का नाम बार-बार बदलकर वाहवाही लूटने की कोशिश करने में ये सरकार माहिर है। खरगे के मुताबिक, इन्फ्रास्ट्रक्चर का हाल तो हमने पुल गिरने, हवाई अड्डों की छत ढहने, हाईवे पर दरारें आने और नई संसद की छत टपकने से देख ही लिया था। मई 2014 से अब तक अंतर्राष्ट्रीय क्रूड ऑयल में 32 प्रतिशत की गिरावट आई है, पर मोदी सरकार की पेट्रोल-डीजल पर लूट जारी है। ऐसा लगता है कि मध्यम वर्ग को लूटने के लिए मोदी सरकार ने कोई कॉंट्रेक्ट लिया हुआ है। गुरुवार को संसद सदस्य एवं कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने अपने बयान में कहा, प्रधानमंत्री का पूरा ध्यान महंगाई घटाने पर नहीं, बल्कि केवल महंगाई के आंकड़ों को कम दिखाने पर है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक और थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों को इस तरह से पेश करने की कोशिश जा रही है कि महंगाई नियंत्रित दिखे। जमीनी हकीकत यह है कि आम जनता की जेब पर बोझ लगातार बढ़ रहा है।

## सीबीआई की यासीन मलिक के खिलाफ दिल्ली की तिहाड़ जेल में ही मुकदमा चलाने की मांग

**नई दिल्ली, 28 नवंबर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी यासीन मलिक के खिलाफ जम्मू में चल रहे ट्रायल को दिल्ली ट्रांसफर करने की मांग वाली सीबीआई की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सभी पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 18 दिसंबर को होगी। जस्टिस अभय एस ओका की अध्यक्षता वाली पीठ मामले में सुनवाई कर रही है। सीबीआई सुरक्षा कारणों से यासीन को जम्मू में पेश करने का विरोध कर रही है। यह पेशी रुबिया अपहरण केस और वायु सेना अधिकारी हत्या केस में होनी है। फिलहाल यासीन तिहाड़ जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने मलिक और अन्य आरोपियों को 18 दिसंबर तक जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले की सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि तिहाड़ जेल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मामले की सुनवाई करने की सुविधा पहले से उपलब्ध है। उसे अदालत ले जाने की जरूरत नहीं है। एसजी ने बताया कि तिहाड़ जेल में कोर्ट लगता है, इससे पहले भी कई मामले की सुनवाई होती रही है।

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन को आवश्यकता**

कम्प्यूटर ऑपरेटर की जिसको क्वार्क में पेज बनाना आता हो एवं हिन्दी भाषा के टाईपिंग कार्य में निपुण हो

मिलने का समय :- प्रातः10 बजे से सायं 5 बजे तक

दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन

224, साउथ सिविल लाईन, निकट मीनाक्षी चौक, मुजफ्फरनगर

# कार्रवाई के डर से प्रधानाचार्य अपने खर्चे से बांट रहे चिक्की, चना और रामदाना; वाहवाही लूट रहा शिक्षा विभाग

**ग्रेटर, 28 नवंबर (एजेंसी)।** नोएडा परिषदीय स्कूलों में छात्रों को कुपोषण से बचाने के लिए सेहत की खुराक नवंबर से हर बृहस्पतिवार को दी जा रही है, लेकिन बजट फाइलों में दब गया है। स्कूल के प्रधानाचार्य को बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से सरकारी फरमान जारी हुआ है कि छात्रों को हर बृहस्पतिवार चिक्की, भुने हुआ चना, गजक, रामदाना के लड्डू का वितरण करें। बजट नहीं मिलने से स्कूलों के प्रधानाचार्य परेशान हैं। उनका कहना है कि फरमान तो विभाग की ओर से जारी कर दिया गया, लेकिन बजट आने के बाद भी नहीं दिया गया। यदि प्रधानाचार्य के पास इन सामग्री को बांटने के लिए पैसे ना हों तो उन पर विभाग की ओर से कार्रवाई का डर दिखाया जा रहा है। प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि एक घंटे की पढ़ाई के बाद छात्रों को सप्लीमेंट की खुराक दी जानी है। इसके तहत विभाग को बजट भी जारी हो गया। विभाग की लापरवाही के कारण अभी तक प्रधानाचार्य के एमडीएम के खाते में पैसे नहीं भेजे गए। अब शिक्षकों पर दबाव बनाया जा रहा है कि हर हफ्ते अपने पैसों से सप्लीमेंट छात्रों को बांटें। सप्लीमेंट नहीं बांटे जाने पर कार्रवाई करने का डर दिखाया जा रहा है। एक प्रधानाचार्य ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उनके यहां 200 छात्र नामांकित हैं। प्रतिदिन करीब 170 छात्र आते हैं। उनके लिए हर सप्ताह 700 से 800 रुपये का सप्लीमेंट मंगाया जा रहा है। एक महीने में करीब 3500 रुपये अपनी जेब से खर्च करने पड़ेंगे। विभाग की ओर से कब पैसे खाते में भेजे जाएंगे यह किसी को भी नहीं पता है। जब सब प्रधानाचार्य को ही करना है तो विभाग वाहवाही क्यों लूट रहा है। छात्रों को कुपोषण से बचाने के लिए पीएम पोषण योजना के तहत छात्रों को सप्लीमेंट बांटा जा रहा है। मिड डे मिल के साथ छात्रों को यह खुराक नवंबर माह के पहले बृहस्पतिवार से मार्च 2025 के आखिरी बृहस्पतिवार तक दी जाएगी। चारों ब्लॉक के 511 स्कूलों में पढ़ने वाले करीब 85 हजार छात्रों पर हर बृहस्पतिवार पांच रुपये के हिसाब से खर्च किए जाएंगे। इसके लिए सरकार की ओर पहली किस्त के रूप में 10 लाख 80 हजार रुपये भी मिल चुके हैं। जिलाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ प्रवीण शर्मा ने बताया कि जब यहां स्कूलों में एनजीओ मिड डे मिल देते हैं तो सप्लीमेंट भी उन्हीं से बंटवाया जाए। शिक्षकों की ओर से सप्लीमेंट बांटने से शैक्षिक गुणवत्ता पर भी प्रभाव पड़ रहा है। जिला मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ गजन भाटी ने बताया कि हर सप्ताह करीब 700 से 900 का खर्च प्रधानाचार्य उठा रहे हैं। विभाग की ओर से अभी तक बजट जारी नहीं किया गया है। सप्लीमेंट नहीं बांटने पर कार्रवाई का डर दिखाया जा रहा है।

# भाजपा संगठन चुनाव में सभी की होगी भागीदारी



**मुजफ्फरनगर, 28 नवम्बर (बुस.)।** आज भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर संगठन चुनाव पर्व जिला बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला चुनाव अधिकारी पूरूण सिंह लोधी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी ने की सर्वप्रथम श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल मुखर्जी एवं भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, अनुराधा चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, प्रदीप सैनी, पूर्व विधायक उमेश मलिक, विक्रम सैनी पूर्व विधायक प्रमोद उटवाल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, पूर्व मंत्री अनुराधा चौधरी, डॉ पुरूषोत्तम गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, रूपेन्द्र सैनी, कॉपरेटिव चेयरमैन बैंक रामनाथ सिंह ठाकुर, श्रीमोहन तायल, शरद शर्मा, देवव्रत त्यागी, सतपाल पाल आदि उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे जिला चुनाव अधिकारी पूरूण सिंह लोधी का जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा संगठन पर्व चुनाव का महत्व सभी कार्यकर्ताओं को विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया कि बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक संगठन में सक्रिय कार्यकर्ता को शामिल किया जायेगा, जिसमें महिलाओं व अनुसुचित जाति की भागीदारी भी सुनिश्चित की जायगी। भारतीय जनता पार्टी में मण्डलों के चुनाव अधिकारी घोषित किये जा चुके हैं, जो अपने मण्डलों में जाकर अपने सहयोगी शक्ति केन्द्र चुनाव अधिकारी के साथ मिलकर बूथ, शक्तिकेन्द्र, मण्डल का गठन करेंगे। सभी मण्डलों पर चुनाव संगठन पर्व कार्यशाला 1 दिसम्बर व 2 दिसम्बर को निश्चित की गई है। बूथों पर बूथ अध्यक्ष, बूथ सचिव लाभार्थी प्रमुख मन की बात प्रमुख बीएलए- 2 पन्ना प्रमुख बूथ वाटसएप ग्रुप का गठन प्रत्येक बूथ पर होना है। संगठन सर्वव्यापी सर्वस्पर्शी सर्वसमावेशी होना चाहिए। मण्डल गठन के उपरांत 15 दिसम्बर के उपरांत जिले का गठन किया जायेगा। बैठक में जिला पदाधिकारी, मण्डल चुनाव अधिकारी, मण्डल अध्यक्ष, मण्डल प्रभारी, मोर्चा अध्यक्ष मण्डल, महामंत्री उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब प्रयाग ने बच्चों को पाठ्य सामग्री बांटी

**मुजफ्फरनगर, 28 नवम्बर (बुस.)।** विकास क्षेत्र जानसठ के पीएमश्री उच्च प्राथमिक विद्यालय सिखेड़ा में आज लायंस क्लब प्रयाग द्वारा बच्चों को पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। क्लब के संरक्षक लावण्य पुरी एवं कमल गोयल ने कहा कि यदि सभी विद्यालय प्रयास करें,



तो वो इन गरीब बच्चों के भविष्य को संवारने का कार्य कर सकते हैं। उन्होंने विद्यालय का वातावरण अनुशासन व्यवस्था देखकर समस्त विद्यालय स्टाफ की प्रशंसा करते हुए कहा कि जब भी विद्यालय को किसी सहयोग की आवश्यकता होगी, उसके लिए हम सदैव तत्पर रहेंगे। क्लब के जोनल चेयरपर्सन डॉ. विवेक ने कहा कि यदि सभी सरकारी स्कूल अपने विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक वातावरण सृजित करें, तो अनेक सामाजिक संस्थाएं उनके सहयोग हेतु तत्पर होंगी। डायरेक्टर विशाल जैन एवं अमन गोयल ने सभी बच्चों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय का वातावरण देखकर उन्हें ये आभास नहीं होता कि ये कोई सरकारी स्कूल होगा। सभी लायंस मेंबर्स द्वारा कहा गया कि ऐसे विद्यालय में सहयोग करके हम सबको हार्दिक खुशी महसूस हो रही है। प्रधानाध्यापिका रश्मि मिश्रा ने बताया कि हम अपने विद्यालय में सरकारी सुविधाओं से इतर अपने व्यक्तिगत प्रयासों से विभिन्न सामाजिक संगठनों के माध्यम से अपने बच्चों के लिए विभिन्न सुविधाएं एवं सहयोग मुहैय्या कराने का निरंतर का प्रयास करते हैं, जिसमें अनेक सामाजिक संस्थाओं का सकारात्मक सहयोग सदैव प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम का संचालन सचिन गर्ग द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों का सहयोग रहा।



## इंटरनेशनल गुडविल सोसायटी चैप्टर मुजफ्फरनगर को दिल्ली मे किया गया सम्मानित

**नई दिल्ली, 28 नवम्बर (नेट)।** इंटरनेशनल गुडविल सोसायटी ऑफ इंडिया के द्वारा नई दिल्ली के ऑडिटोरियम सिविल सर्विसेज ऑफिसर्स इंस्टिट्यूट में वार्षिक जस्टिस नगेन्द्र सिंह मैमोरियल की स्मृति में डब्लिंग इन्कम ऑफ दा फार्मर्स इन इंडिया पर एक सेमीनार का आयोजन किया गया, जिसमें कृषि सचिव भारत सरकार आई.ए.एस देवेश चर्तुवेदी ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर नागेन्द्र सिंह इंटरनेशनल पीस अवार्ड भी दिया गया, जिसमे मुजफ्फरनगर चैप्टर से पहुंचे सुरेन्द्र अग्रवाल अध्यक्ष, होतीलाल शर्मा, देवराज पंवार, बी.एम.गुप्ता, मुकेश लाल एडवोकेट को रिटायर्ड आई.ए.एस एवं इंटर नेशनल गुडविल सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र नारायण माथुर, इंटर नेशनल गुडविल सोसायटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुंवर आलोक स्वरूप आदि ने मुजफ्फरनगर चैप्टर के पदाधिकारियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में दिल्ली चैप्टर के अध्यक्ष ब्रहमदत्त, सचिव दीनदयाल अग्रवाल, डॉ.आर.के.भटनागर, डॉ.के.सी.शर्मा, माला शॉडिल्य, दीपक गोयल सहित काफी संख्या में आई.जी.एस.आई के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार ने ले ली सात लोगों की जान

**अहमदाबाद, 28 नवंबर (एजेंसी)।** गुजरात और उससे सटे केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली और दमन-दीव में दो सड़क दुर्घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गई। गुरुवार को एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि ये दुर्घटनाएं बुधवार सुबह हुई हैं। अधिकारी ने बताया कि पहली घटना में, आणंद जिले के पेटलाद कस्बे के पास तारापुर-धर्मज रोड पर एक निजी लग्जरी बस के ट्रक से टकराने के बाद उसमें सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बस राजकोट से सूरत जा रही थी। इस हादसे में मृतकों की पहचान ध्रुव रुदानी, मनसुख कोराट और कल्पेश जियाणी के रूप में हुई है। वहीं इस हादसे में करीब 15 अन्य यात्री घायल हो गए, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। पेटलाद ग्रामीण पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि ट्रक चालक घनश्याम जाला की शिकायत पर बस चालक सोहिल मालेक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाकर जान लेने का मामला दर्ज किया गया है। जबकि दादरा और नगर हवेली और दमन-दीव में खानवेल-दुधानी मार्ग पर उपलामेधा गांव के पास एक कार के बड़े चट्टान से टकराकर कई बार पलटने से चार लोगों की मौत हो गई।

## रिटायर फौजी ने सिर में गोली मारकर दी जान

**बरेली, 28 नवंबर (एजेंसी)।** बरेली में शीशगढ़ क्षेत्र के गांव बंजरिया निवासी रिटायर सैन्यकर्मी (40 वर्ष) ओमवीर ने सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। वह इज्जतनगर क्षेत्र की हंस नगर कॉलोनी मठ लक्ष्मीपुर में परिवार के साथ रहते थे। बृहस्पतिवार शाम को हुई घटना से परिवार में चीख-पुकार मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। ओमवीर के साले अशोक गंगवार ने बताया कि ओमवीर ने वर्ष 2010 में थाना इज्जतनगर क्षेत्र की हंस नगर कॉलोनी मठ लक्ष्मीपुर में अपना मकान बनवाया और बच्चों के साथ रहते थे। पिछले 2021 में कोविड से ग्रस्त होने के बाद वह डिप्रेशन में चल रहे थे। निजी अस्पताल से उनका उपचार चल रहा था।

## बरेली पुल हादसा: पीडब्ल्यूडी के पांच इंजीनियरों पर हो सकती है कार्रवाई

**बरेली, 28 नवंबर (एजेंसी)।** बरेली-बदायूं जिले की सीमा पर बने अधूरे पुल से कार गिरने पर तीन लोगों की मौत के मामले में जिम्मेदारों पर कार्रवाई हो सकती है। घटना की जांच रिपोर्ट मुख्यमंत्री तक जाएगी। इसके बाद ही विभागीय जांच और कार्रवाई होगी। मुख्य अभियंता अजय कुमार ने प्रांतीय खंड बदायूं के अधिशासी अभियंता नरेश कुमार, सहायक अभियंता मोहम्मद आरिफ व अभिषेक कुमार, अवर अभियंता अजय गंगवार और महाराज सिंह के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति के साथ जांच रिपोर्ट प्रमुख अभियंता को भेज दी है। अप्रोच रोड बहने के बाद भी आवागमन बाधित करने के लिए प्रभावी अवरोधक न लगाए जाने के लिए अभियंताओं को जिम्मेदार माना गया गया है। इस मामले में शासन स्तर से कार्रवाई होनी है।

## चिन्मय कृष्ण की गिरफ्तारी पर प्रदर्शन

**नई दिल्ली, 28 नवंबर (एजेंसी)।** बांग्लादेश में इस्कॉन से जुड़े संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी का मुद्दा चर्चा में है। हिंदू संत के खिलाफ कार्रवाई के विरोध में बांग्लादेश में अल्पसंख्यक सड़कों पर उतर आए हैं। अब यह मामला भारत में भी गरमा गया है। भारत सरकार लगातार इस मुद्दे पर नजर बनाए हुए है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बांग्लादेश के हालात की जानकारी दी है। इससे पहले विदेश मंत्रालय ने चिन्मय कृष्ण की गिरफ्तारी पर चिंता जताई थी। चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के विरोध में भारत में भी प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। इस मामले पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है भारत सरकार यह मामला बांग्लादेश के सामने उठाए।

## संभल के उपद्रवियों पर कार्रवाई हो: नरेश टिकैत

**बागपत, 28 नवंबर (एजेंसी)।** भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने कहा कि दंगा कहीं भी हो, नुकसान देश की जनता को ही उठाना पड़ेगा। संभल की घटना भी एक सोची समझी साजिश दिखाई पड़ रही है। सरकार ऐसे लोगों पर कार्रवाई करे, ताकि कोई उपद्रव न कर सके। दोघट कस्बे में भाकियू नेता चौधरी राजेंद्र सिंह के आवास पर पत्रकारों से वार्ता के दौरान चौधरी नरेश टिकैत ने कहा कि संभल में हुई हिंसा चिंता का विषय है। पुराने भवन मंदिर-



मस्जिद के साथ कोई छेड़छाड़ न की जाए। वर्ष 2013 के दंगे का दंश मुजफ्फरनगर जनपद ने झेला है। जनपद वासियों को इससे बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। हिंदू मुस्लिम सभी पहले भी एक थे, आगे भी एक ही रहेंगे। कहा कि किसान के गन्ने का भाव अभी तक घोषित नहीं किया गया है।

## एकनाथ शिंदे, फडनवीस और अजित पवार की अमित शाह से मुलाकात

**नई दिल्ली, 28 नवंबर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री पद को लेकर दिल्ली में महायुति की बैठक शुरू हो गई है। शिवसेना प्रमुख और महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे बैठक में भाग लेने दिल्ली पहुंचे हैं। बैठक से पहले उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद रहे। दिल्ली पहुंचने पर एकनाथ शिंदे ने कहा कि मैंने कल प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी भूमिका साफ कर दी है कि महायुति के मुख्यमंत्री को लेकर कोई बाधा नहीं है। लाडला भाई दिल्ली आ चुका है और लाडला भाई पद मेरे लिए किसी भी चीज से बड़ा है। महायुति सरकार के मुख्यमंत्री के चयन को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर बैठक में भाग लेने के लिए एकनाथ शिंदे, भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस और एनसीपी नेता अजित पवार पहुंच गए हैं।

# पराली-पत्ती जलाने के दोषी पर होगा जुर्माना व कड़ी कार्रवाई

## किसानों ने फिर ठाना है पत्ती पराली जिले में नहीं जलाना है

**मुजफ्फरनगर, 28 नवम्बर (बु.)।** यूपी सरकार की ओर से पराली जलाने से बढ़ते प्रदूषण की समस्या को रोकने के लिए बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के जारी निर्देशों के बीच बुधवार को डीएम उमेश मिश्र ने जनपद में पराली जलने की घटनाओं को रोकने के लिए अधिकारियों को सक्रिय रहने के साथ किसानों को पराली न जलाने के लिए सहयोग मांगा है। उन्होंने किसानों से कंबाईन हार्वेस्टर के साथ यथा सम्भव सुपर एसएमएस का प्रयोग किए जाने की बात की, ताकि पराली प्रबंधन कटाई के समय हो जाये। वहीं सुपर एसएमएस के विकल्प रूप में अन्य फसल अवशेष प्रबंधन के यन्त्र जैसे स्ट्रा रीपर, स्ट्रा रेक, बेलर व मल्चर, पैडी स्ट्रा चॉपर, श्रब मास्टर, रोटरी स्लेशर, रिर्वसेबुल एमबी प्लाऊ का भी प्रयोग कम्बाईन हार्वेस्टर के साथ किया जाये, जिससे खेत में फसल अवशेष बंडल बनाकर अन्य उपयोग में लाया जा सके अथवा काट कर मिट्टी में मिलाया जा सके।

डीएम उमेश मिश्र ने किसानों से आह्वान किया कि यदि कोई कम्बाईन स्वामी बिना फसल अवशेष प्रबन्धन के यथा यन्त्रों एसएमएस, स्ट्रा रीपर एवं स्ट्रा रेक, आदि उपयोग किये बिना प्रयोग करेगा, तो कड़ी कार्यवाही की जायेगी। वहीं यदि कोई किसान बिना पराली को हटाए रबी की बुवाई के समय जीरो ट्रिल सीड कम फर्टीलाइजर ड्रिल, हैप्पी सीडर या सुपर सीडर का प्रयोग कर सीधे बुवाई करना चाहे या डिकम्पोजर का प्रयोग कर पराली का प्रबन्धन करना चाहे तो ऐसे किसान अनिवार्य रूप से इस आशय का घोषणा पत्र उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी को देंगे कि उसने पराली नहीं जलायी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि जिले में शिथिलता या संसाधन का दुरूपयोग कर पराली जलाने की घटनाएं प्रकाश में आती है तो वे अधिकृत होगें कि कम्बाईन हार्वेस्टर के साथ सुपर एसएमएस लगाये जाने की अनिवार्यता में पूर्व व्यवस्था अपने स्तर पर लागू कर लें। उन्होंने कहा कि पत्ती पराली जलने की घटना की मॉनीटरिंग भारत सरकार द्वारा सेटेलाईट के माध्यम से होती है और कोई भी घटना होती है तो इसकी रिपोर्ट सीधे सेटेलाईट के माध्यम से प्रशासन को प्राप्त होती है। ऐसे में दोषी पर अर्थदंड 02 एकड़ से कम क्षेत्र के लिए रुपए 5000/ प्रति घटना, 2 एकड़ से 5 एकड़ के लिए रुपए 10000/ प्रति घटना व 5 एकड़ से अधिक क्षेत्र के लिए रुपए 30000/ प्रति घटना तथा विधिक कार्यवाही की जाएगी।



रेलवे ट्रैक बाधित होने के कारण स्थानीय रेलवे स्टेशन पर इंतजार करते यात्री

## 63 हजार निजी स्कूलों की छह लाख सीटों पर गरीब बच्चों का आरटीआई के तहत होगा प्रवेश

**लखनऊ, 28 नवंबर (एजेंसी)।** प्रदेश में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के निजी स्कूलों में दाखिले की प्रक्रिया एक दिसंबर से शुरू हो रही है। पिछले साल की अपेक्षा इस बार स्कूलों व सीटों की संख्या बढ़ी है। 2025-26 में 62871 हजार निजी स्कूलों की छह लाख सीटों पर प्रवेश होंगे। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से निजी स्कूलों का पुराना बकाया भुगतान होने के बाद इसमें निजी स्कूल भी रुचि ले रहे हैं। यही वजह है कि नए सत्र में आरटीई के लिए विभाग की ओर से 62871 स्कूल मैप किए जा चुके हैं। वहीं इसमें से 62829 स्कूलों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। इसी तरह कक्षा एक में 391130 व प्री प्राइमरी में 211935 सीट पर प्रवेश लिए जाएंगे। पिछले साल लगभग 3.57 लाख आवेदन हुए थे। इस बार विभाग पांच गुना आवेदन करने का लक्ष्य लेकर काम कर रहा है।

# दिल्ली-एनसीआर में लागू रहेंगी ग्रैप-4 की पाबंदियां

**नई दिल्ली, 28 नवंबर (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को दिल्ली-एनसीआर में लागू ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के चरण चार को लागू रखा है। कोर्ट ने फिलहाल इसे हटाने की अनुमति नहीं दी है। सुनवाई के दौरान कहा कि स्कूलों को छोड़कर शेष सभी स्थानों पर ग्रैप-4 के उपाय सोमवार (2 दिसंबर) तक जारी रहेंगे। इसके अलावा वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को एक बैठक कर ग्रैप-4 से ग्रैप-3 या ग्रैप-2 में जाने के बारे में सुझाव देने को कहा है। कोर्ट ने आगे कहा कि ग्रैप-4 पर अंकुश लगाने में गंभीर चूक करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई में तेजी लाई जानी चाहिए। इससे पहले 18 नवंबर को ग्रैप-4 लागू कहते हुए कोर्ट ने दिल्ली सरकार को फटकार लगाते हुए कहा था कि वह बिना पूर्व अनुमति के प्रदूषण रोकने या कम करने के उपायों को हटाने या कम करने की अनुमति नहीं देगी। जस्टिस अभय एस. ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा था कि राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के खतरनाक स्तर पर पहुंचने के बाद भी ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के चरण 4 के तहत निवारक उपायों के कार्यान्वयन में देरी हुई।

**सुप्रीम कोर्ट ने स्कूलों को छोड़ बाकी प्रतिबंध 2 दिसंबर तक बढ़ाए**



## ट्रेन से टकराकर हाथी की मौत, पलटने से बची ट्रेन

**नजीबाबाद, 28 नवंबर (एजेंसी)।** कोटद्वार-नजीबाबाद ब्रांच लाइन पर कोटद्वार से आनंद विहार टर्मिनल जा रही एक्सप्रेस ट्रेन से हाथी टकरा गया। ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त होने से बच गई, लेकिन हाथी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आधा घंटे ट्रेन खड़ी रही। रेलपथ की टीम के निरीक्षण के बाद उसे रवाना किया गया। उधर, पोस्टमार्टम के बाद हाथी के शव को मोहनवाली वन क्षेत्र में दफन कर दिया गया। नजीबाबाद-कोटद्वार ब्रांच लाइन पर कोटद्वार से दिल्ली जा रही आनंद विहार टर्मिनल ट्रेन से बुधवार रात करीब दस बजे गांव चंदनपुर के निकट हाथी टकरा गया। टक्कर लगते हुए हाथी की मौत हो गई। वहीं झटका लगने से ट्रेन में बैठे यात्री सहम गए। घटना के बाद करीब आधा घंटे तक ट्रेन खड़ी रही। सूचना पर रेलपथ और आरपीएफ ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद ट्रेन को रवाना किया गया।

# संभल में शाही जामा मस्जिद के सर्वे के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची मस्जिद कमेटी, आज सुनवाई

**नई दिल्ली, 28 नवंबर (एजेंसी)।** संभल में शाही जामा मस्जिद के सर्वे के खिलाफ मस्जिद कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। मस्जिद कमेटी की मांग पर कल सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजीव कुमार की बेंच सुनवाई करेगी।

मस्जिद कमेटी ने अपनी याचिका में कहा, 19 नवंबर को मस्जिद के हरिहर मंदिर होने का दावा करने वाली याचिका संभल कोर्ट में दाखिल हुई। उसी दिन सिविल जज, सीनियर डिवीजन ने मामले को सुना और बिना मस्जिद कमेटी का पक्ष सुने सर्वे के लिए एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त कर दिया। एडवोकेट कमिश्नर सर्वे के लिए 19 नवंबर की शाम पहुंच भी गए। 24 नवंबर को फिर सर्वे हुआ। जिस तेजी से सारी चीजें हुईं, उससे लोगों में शक फैल गया और वे अपने घर से बाहर निकल आए। भीड़ के उग्र हो जाने के बाद पुलिस फायरिंग हुई और 6 लोगों की मौत हो गई। याचिका में दावा किया गया है कि शाही जामा मस्जिद 16वीं सदी से वहां है। इतनी पुरानी धार्मिक इमारत के सर्वे का आदेश प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट और प्राचीन स्मारक और पुरातत्व स्थल कानून के खिलाफ है। अगर यह सर्वे जरूरी भी था, तो यह एक ही दिन में बिना दूसरे पक्ष को सुने नहीं दिया जाना चाहिए था। मस्जिद कमिटी ने मांग की है कि सुप्रीम कोर्ट संभल के सिविल जज के आदेश पर रोक लगा दे। सर्वे रिपोर्ट को फिलहाल सीलबंद लिफाफे में रखा जाए। याचिका में मांग की गई है कि सुप्रीम कोर्ट यह आदेश भी दे कि इस तरह के धार्मिक विवादों में बिना दूसरे पक्ष को सुने सर्वे का आदेश न दिया जाए। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजीव कुमार की बेंच कल इस मामले को सुनेगी। उत्तर प्रदेश के संभल जिले की जामा मस्जिद को हिंदू पक्ष द्वारा अदालत में हरिहर मंदिर बताये जाने के बाद कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए इसके सर्वे के आदेश दिया था। उसी दिन 19 नवंबर को ही रात में मस्जिद का सर्वे हुआ। इसके बाद 24 नवंबर को सर्वे टीम शाही जामा मस्जिद सर्वे के लिए पहुंची थी। संभल में स्थानीय कोर्ट के आदेश पर 19 नवंबर को जामा मस्जिद का सर्वे कराया गया था। सर्वे के दौरान स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया था और पत्थरबाजी की थी। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़प में चार लोगों की मौत हो गई थी और 25 लोग जख्मी हो गए थे।

# गुनगुने मौसम का मजा लो भरपूर, कड़ाके की ठंड अभी दूर

## एक्यूआई 191 पर आने से हवा में जहर की मात्रा हुई कुछ कम

**मुजफ्फरनगर, 28 नवंबर (बु.)।** नवंबर के अंतिम दौर में पहुंचने और दिसंबर के करीब आने के बावजूद इस बार तमाम पुराने कयासों के विपरीत मौसम में ठंडक का रौद्र रूप नजर नहीं आया है। अभी भी तापमान विगत दो सप्ताह के आंकड़े के आसपास है। आज भी दिन खुशनुमा ठंड लिए रहा और तापमान अधिकतम 25.9 और न्यूनतम 10.0 डिग्री पर रिकॉर्ड किया गया। इसके साथ ही आज हवा की सेहत में भी मामूली सुधार







नजर आया और एक्यूआई 191 पर दर्ज किया गया। कोहरे और धुंध की तीव्रता बढ़ सकती है। हालांकिअभी बारिश की कोई संभावना नहीं है।

नगर में मौसम की स्थिति काफी दिनों से स्थिर बनी हुई है। ऐसे में तापमान आज भी अधिकतम 25.9 और न्यूनतम 10.0 डिग्री पर रहा। विगत कई दिनों से तापमान 25 और दस डिग्री के आसपास ही बना हुआ है। ऐसे में सुबह के समय थोड़े कोहरे को छोड़ दें तो सुबह से ही खिली धूप हल्की ठंडक के बीच मौसम को खुशगवार बनाती दिखी। शाम को ठंड में थोड़ा इजाफा हुआ। ऐसे में अभी शाम से सुबह तक ही ठंड का प्रभाव बना हुआ है। मौसम विभाग की मानें तो अभी इसमें बहुत बदलाव के संकेत नहीं हैं। स्काईमेट के अनुसार एक नया पश्चिमी विक्षोभ जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के उत्तरी हिस्सों में कल 29 नवंबर को पहुंचेगा। इसका प्रभाव कल देर शाम से शुरू होकर 3 दिसंबर 2024 तक रहेगा। दरअसल, यह दो पश्चिमी विक्षोभों का प्रभाव है जो जल्दी-जल्दी एक के बाद एक, लगभग एक साथ क्षेत्र से गुजरेंगे। इस वजह से मौसम की गतिविधियां लंबे समय तक जारी रहेंगी। इनकी वजह से 29 नवंबर से शुरू हुई मौसमीय हलचल 3 दिसंबर तक बनी रहेगी। इस पश्चिमी विक्षोभ से होने वाली बर्फबारी ऊंचे पहाड़ों के 12,000 फीट से ऊपर के ऊंचाई वाले इलाकों तक सीमित रहेगी। निचले पहाड़ी क्षेत्रों में 30 नवंबर से 2 दिसंबर के बीच बहुत हल्की बारिश होने की संभावना है। पंजाब, हरियाणा और दिल्ली-एनसीआर के मैदानी इलाकों में इस अवधि के दौरान बारिश की कोई संभावना नहीं है। इन पश्चिमी विक्षोभों के कारण पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तराखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों के पास की हवा का पैटर्न बदल जाएगा। इस बदलाव के कारण उत्तरी भारत के मैदानी इलाकों विशेष रूप से दिल्ली में न्यूनतम तापमान में किसी बड़ी गिरावट की संभावना नहीं है। ये दोनों दोनों मौसम प्रणाली 4 दिसंबर तक क्षेत्र से साफ हो जाएंगे और उसके बाद तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। इस दौरान मैदानी इलाकों में कोहरे और धुंध की तीव्रता और विस्तार बढ़ सकता है। हालांकि, पहली दिसंबर तक मैदानी इलाकों में बारिश की कोई संभावना नहीं है। इसके विपरीत, पर्याप्त धूप दोपहर को खुशनुमा गर्म रखेगी। सुबह के समय हल्की ठंड महसूस होगी, लेकिन सर्दियों की तेज ठंड गायब रहेगी।

# बकरी की मौत का बदला लेने के लिए दो भाइयों ने किया कुत्ते का कत्ल, गिरफ्तार हुए इकबाल और असलम

ग्रेटर नोएडा, 28 नवंबर (एजेंसी)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में लावारिश कुत्ते द्वारा बकरी को काटने से हुई मौत के बाद दो भाइयों ने कुत्ते की लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। बिसरख कोतवाली पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा है।

पुलिस का कहना है कि चिपियाना बुजुर्ग के कमल एन्क्लेव में रजिया नामक महिला परिवार के साथ रहती है। पिछले दिनों रजिया की पालतू बकरी को लावारिश कुत्ते ने काट लिया था। इस कारण उसके दोनों बेटे इकबाल और असलम ने 23 नवंबर को पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। स्थानीय निवासियों ने इस बात की शिकायत कोतवाली पुलिस से की थी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने महिला और उसके दो बेटों पर अज्ञात व्यक्ति को पैसे का लालच देकर एवं उकसा कर कुत्ते की निर्ममता से हुई पिटाई के बाद मौत के मामले में केस दर्ज किया था। इस मामले में चिपियाना चौकी इंचार्ज की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा-325 (किसी जानवर को मारने, जहर देने, अपंग बनाने या बेकार करने) व पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम की धारा-11 के तहत तीन नामजद समेत एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया था। घटना के अगले दिन ही महिला के दोनों बेटों को गिरफ्तार करके जेल भेजा था। वहीं महिला को जमानत मिल गई थी। मामले में पहले अज्ञात व्यक्ति को पैसे का लालच देकर कुत्ते की हत्या कराने की बात सामने आई थी, लेकिन कड़ाई से पूछताछ के बाद आरोपियों ने खुद ही कुत्ते की हत्या की बात स्वीकार की थी। कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार का कहना है कि सुपारी किलर द्वारा कुत्ते के हत्या करने के आरोप निराधार है।

## यूपी रोडवेज बस यात्रियों को अब एप के जरिए मिलेगी बस की लाइव लोकेशन

**लखनऊ, 28 नवंबर (एजेंसी)।** रोडवेज बसों में सफर करने वाले पैसेंजरों को लाइव लोकेशन के लिए तैयार किए गए एप की सुविधा तीस नवंबर को दी जाएगी। इस अवसर पर रोडवेज के ड्राइवर व कंडक्टरों को एक करोड़ रुपये के दुर्घटना बीमा का भी तोहफा दिया जाएगा। इस एप के आने के बाद यात्री ट्रेन की तरह बस की भी लाइव लोकेशन देख सकेंगे। उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम की ओर से 30 नवंबर को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कार्यक्रम आयोजित कर यह सौगातें दी जाएंगी। दरअसल, महाकुंभ मेले के मद्देनजर ऐसा किया जा रहा है। महाकुंभ में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को नई बसों के साथ यात्रा के संबंध में एप के जरिए जानकारी प्रदान की जाएगी।

## पहली बार प्रधानमंत्री 13 दिसंबर को गंगा पूजन कर महाकुंभ की करेंगे शुरूआत

**प्रयागराज, 28 नवंबर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 दिसंबर को खुद गंगा पूजन कर महाकुंभ-2025 की शुरूआत करेंगे। ऐसा पहली बार होगा जब प्रधानमंत्री महाकुंभ आयोजन की शुरूआत करेंगे। इससे पहले आमतौर पर डीएम या मेलाधिकारी ही गंगा पूजन कर माघ मेला या कुंभ की शुरूआत करते रहे हैं। बुधवार को प्रयागराज आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसकी जानकारी देने के महाकुंभ एवं प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। प्रधानमंत्री 13 दिसंबर को प्रयागराज आएंगे। संगम से पहले उनका श्रृंग्वेरपुर धाम में कार्यक्रम प्रस्तावित है। वहां निषादराज पार्क, भगवान राम एवं निषादराज की गले मिलते प्रतिमा, घाट का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद अरैल पहुंचेंगे और वहां से निषादराज क्रूज से संगम आएंगे। संगम नोज पर आयोजित सभा में प्रधानमंत्री साढ़े छह हजार करोड़ रुपये लागत की 150 से अधिक निर्माण परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री गंगा पूजन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं के लिए क्विज की घोषणा की है। क्विज के जरिये युवा ऐतिहासिक विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का हिस्सा बन सकेंगे। प्रधानमंत्री ने टिप्पणी की कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में यह उनका अमिट योगदान होगा। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में युवाओं से कहा, यह आपके विचारों को सरकार के सर्वोच्च स्तर तक सुनने का एक बहुत ही विशेष अवसर है। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का आयोजन अगले साल 11-12 जनवरी को होना है।

## 16 साल से कम उम्र के बच्चे नहीं बना पाएंगे सोशल मीडिया पर खाते

**सिडनी, 28 नवंबर (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई संसद के ऊपरी सदन (सीनेट) ने छोटे बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने वाला विधेयक पारित कर दिया है। यह जल्द ही दुनिया में अपनी तरह का कानून बन जाएगा। इस नए कानून के मुताबिक 16 साल से कम उम्र के बच्चे टिकटॉक, फेसबुक, स्नैपचैट, रेडिट, एक्स और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंचों पर खाते नहीं बना पाएंगे। अभिभावकों को अपने बच्चों को सोशल मीडिया मंचों पर खाता बनाने से रोकना होगा। अगर वे बच्चों को खाता बनाने से रोकने के लिए उपाय नहीं करते हैं, तो उन्हें 50 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर तक का जुर्माना देना पड़ेगा। निचले सदन (हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स) ने बुधवार को इस विधेयक को भारी बहुमत से पारित किया था।हालांकि, हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स को सीनेट में किए गए संशोधनों (बदलावों) को मंजूरी देनी बाकी है। लेकिन यह केवल एक औपचारिकता है, क्योंकि सरकार पहले ही मान चुकी है कि ये संशोधन पारित हो जाएंगे। यह कानून सोशल मीडिया कंपनियों को मजबूर करेगा कि वह 16 साल से कम उम्र के बच्चों के खातों को हटाएं। इसके अलावा कुछ महत्वपूर्ण संसोधन किए गए हैं, जिनमें यह सुनिश्चित किया गया है कि सोशल मीडिया कंपनियां यूजर्स से पासपोर्ट या ड्राइवर लाइसेंस जैसे सरकारी दस्तावेजों की मांग नहीं कर सकेंगे और नहीं डिजिटल पहचान के लिए सरकारी प्रणाली का इस्तेमाल कर सकेंगे।

# मीरापुर में चोरी का सिलसिला लगातार जारी

- पिछले तीन दिनों में चोरों ने चार घरों को बनाया निशाना
- लगातार तीसरे दिन फिर हुई चोरी

**मीरापुर, 28 नवम्बर (बु.)।** मीरापुर क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से चोरों का आतंक व्याप्त है। चोर लगातार मकानों में चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं। लगातार तीसरे दिन चोरों ने गांव रसूलपुर गढ़ी में एक घर मे चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से नागरिकों में पुलिस के प्रति रोष व्याप्त है।

गुरूवार की सुबह गढ़ी रसूलपुर निवासी आमिर पुत्र अमीरूद्दीन ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि बुधवार की शाम वह परिवार के साथ घर के बाहर गया था। इसी बीच रात में चोर उसके घर का ताला तोड़कर यहां से बर्तन व पांच हजार की नकदी चोरी करके ले गए। बता दें कि मंगलवार की रात में मीरापुर की एमडी कॉलोनी निवासी शमशाद पुत्र इरशाद के घर में घुसकर चोरों ने 80 हजार की नकदी व सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिए थे तथा सोमवार की रात में गांव रसूलपुर गढ़ी निवासी मोमीना पत्नी इमरान के घर से चोरों ने ताले तोड़कर 30 हजार की नकदी तथा करीब डेढ़ लाख रुपए के सोने व चांदी के जेवर चोरी कर लिए थे तथा मंगलवार को ही गांव पुट्ठी से बाजार में सामान खरीदने आई महिला शबा पत्नी नईम का चोर पर्स चोरी करके ले गए थे, जिसमें 50 हजार रुपए थे।

## 'गुंबद में मंदिर के टुकड़े, बेसमेंट में आज भी गर्भगृह मौजूद', अजमेर शरीफ दरगाह पर हिंदू सेना ने किए क्या-क्या दावे?

**अजमेर, 28 नवंबर (एजेंसी)।** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती दरगाह को लेकर हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल याचिका में दावा किया गया है कि यह पहले शिव मंदिर था और आज भी मंदिर के अवशेष यहां मौजूद हैं। हिंदू पक्ष ने कहा है कि यहां दरगाह के गुंबद में मंदिर के टुकड़े मौजूद हैं। उनका कहना है कि दरगाह को मंदिर को नष्ट कर उसके अवशेषों पर बनाया गया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि दरगाह को भगवान श्री संकटमोचन महादेव विराजमान मंदिर घोषित किया जाए और दरगाह समिति के अनाधिकृत कब्जे को नष्ट किया जाए। याचिका में दावा किया गया है कि 13वीं शताब्दी के सूफी संत का सफेद मकबरा बनाए जाने से पहले वहां एक मंदिर था। राजस्थान कोर्ट ने बुधवार (27 नवंबर, 2024) को याचिका पर केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय और आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया को नोटिस जारी किया है।

# नरसिंहानंद के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**गाजियाबाद, 28 नवंबर (एजेंसी)।** जूना अखाड़े के महंत यति नरसिंहानंद के खिलाफ दर्ज पैगंबर मोहम्मद पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में सिहानी गेट थाना पुलिस ने कोर्ट में 27 पन्नों का आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचने के आरोप में भारतीय न्याय संहिता की धारा 302 के तहत दाखिल किए गए आरोप पत्र के साथ साक्ष्य के रूप में 18 सेकंड की वीडियो भी पेन ड्राइव में सौंपा गया है।



यति नरसिंहानंद के खिलाफ केस तीन अक्तूबर को दर्ज किया था। इसके अगले दिन से ही उनके खिलाफ मुस्लिम संगठनों ने हंगामा-प्रदर्शन शुरू कर दिया था। यूपी से लेकर महाराष्ट्र तक हंगामा हुआ था। गाजियाबाद में लगभग 20 दिन तक बवाल चला था। इसमें पुलिस ने 20 से ज्यादा केस दर्ज कर 40 लोगों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने 52 दिन चली जांच पड़ताल के बाद यति के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। इसके लिए उस कार्यक्रम में शामिल सात लोगों के बयान भी दर्ज किए गए हैं, जिसमें यति ने यह बयान दिया था। जिस वीडियो के आधार पर केस दर्ज हुआ, पुलिस उसकी फोरेंसिक जांच कराएगी। यति नरसिंहानंद के खिलाफ दर्ज धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के मामले में जांच पूरी हो गई है। इसके बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी गई है। पुलिस ने पर्याप्त साक्ष्य जुटाए हैं। **- पूनम मिश्रा, एसीपी**

**वीडियो में मेरी आवाज नहीं**

**(यति का बयान)**

कोर्ट में पेश की गई चार्जशीट में यति नरसिंहानंद का बयान भी है। इसमें यति ने कहा कि वायरल वीडियो में उनकी आवाज नहीं है। वीडियो से छेड़छाड़ की गई है। उन्होंने कोई अमर्यादित टिप्पणी नहीं की। हालांकि, इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि उन्हें चार्जशीट दाखिल कर दिए जाने की जानकारी नहीं है। यति के खिलाफ बीएनएस की जिस धारा 302 के तहत चार्जशीट दाखिल की गई है, उसमें दोष सिद्ध होने पर एक साल कैद की सजा और जुमार्ने का प्रावधान है। सजा में कारावास और जुमार्ना एक साथ भी हो सकते हैं। यह धारा किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाए जाने पर लगाई जाती है।

## बांग्लादेश में गिरफ्तार चिन्मय प्रभु से इस्कॉन ने तोड़ा नाता

**नई दिल्ली, 28 नवंबर (एजेंसी)।** बांग्लादेश में वकील सैफुल इस्लाम अलिफ की हत्या और अन्य विवादों में इस्कॉन का नाम जोड़े जाने पर संगठन ने साफ इनकार किया है। इस्कॉन बांग्लादेश के महासचिव चारु चंद्र दास ब्रह्मचारी ने कहा कि इस्कॉन का इन घटनाओं या उनसे जुड़े किसी भी प्रदर्शन में कोई संबंध नहीं है। उन्होंने इन आरोपों को गलत, दुर्भावनापूर्ण और संगठन को बदनाम करने का प्रयास बताया।

# डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की नगर में हड़ताल हुई समाप्त

- डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की नगर में हड़ताल हुई समाप्त
- चेयरपर्सन-ईओ के बाहर होने से पालिका में नहीं हुआ भुगतान
- दो माह से वेतन न मिल पाने से 3 दिन से हड़ताल पर थे कर्मी

**मुजफ्फरनगर, 28 नवम्बर (बु.)।** पालिका क्षेत्र को क्लीन एंड ग्रीन करने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच पालिका संग हुए अनुबंध के आधार पर कूड़ा निस्तारण में लगी दिल्ली की कंपनी एमआईटूसी की समस्या का कोई समाधान होता दिखाई नहीं दे रहा है। अपने ही कर्मचारियों के गुस्से का दंश झेल रही कंपनी पर इन कर्मियों ने वेतन न देने के आरोप लगाते हुए काम बंद कर दिया है जिससे नगर में कूड़े के अंबार लगने के साथ तीन दिनों से घरों से भी कूड़ा नहीं उठाया गया है। अनुबंध पालन न होने से पालिका की जांच के रडार पर चल रही कंपनी के सामने कर्मचारियों को वेतन देने की समस्या मुंह बाए हुए खड़ी है, उधर, पालिका की चेयरपर्सन के साथ ईओ भी बाहर हैं। ऐसे हालातों में कंपनी अफसरों ने किसी तरह गुरूवार को कर्मियों को एक सप्ताह का समय देने की बात की, जिस पर माना जा रहा है कि शुक्रवार सुबह फिर से नगर की गलियों में उक्त कूड़ा उठाने के लिए आवाज सुनाई दे जाए। ऐसी संभावना कंपनी के अफसरों ने जाहिर की है। नगरपालिका परिषद क्षेत्र में फरवरी माह में शुरू हुई नई दिल्ली की एमआईटूसी कंपनी वर्तमान में अपने ही कर्मियों के विरोध से जूझ रही है। वेतन न मिलने के आरोपों से घिरे कंपनी अफसरों के बीते तीन दिनों से पसीने छूटे हुए हैं, लेकिन समस्या समाधान नहीं हो पा रहा है। इस कड़ी में बीते 3 दिनों से प्राइमरी सैक्शन में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए कार्य करने वाले वाहन चालक, सुपरवाइजर और सफाई कर्मचारी भोपा रोड स्थित कंपनी दफ्तर पर आंदोलनरत है। नगर में हड़ताल पर चल रहे कर्मियों का आरोप है कि बीते दो माह से उन्हें वेतन नहीं मिल पा रहा है। उनका आरोप है कि कंपनी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तमाम कर्मी काम बंद हड़ताल पर हैं। ऐसे में कर्मचारियों ने कूड़ा वाहनों का चक्का जाम करने के साथ अपना वेतन दिए जाने तक काम



नहीं करने की चेतावनी दी है। इस बीच कर्मियों से कंपनी के परियोजना प्रबंधक पुष्पराज सिंह ने एक सप्ताह में वेतन का भुगतान कराए जाने का आश्वासन देते हुए काम पर लौटने के लिए मना लिया है, जिससे शुक्रवार से फिर नगर क्षेत्र में कंपनी के कूड़ा वाहनों की आवाज फिर से सुनाई देने की उम्मीद जगी है।

**इन्होंने कहा-**

कंपनी सेकेंडरी प्वाइंट इंचार्ज कुलदीप सिंह ने बताया कि नगर पालिका से बिल का भुगतान नहीं होने के कारण कर्मियों का वेतन लंबित हो गया है। उन्होंने बताया कि अक्टूबर व नवम्बर माह का वेतन प्राइमरी सैक्शन के करीब 300 कर्मियों को नहीं मिल पाया है, जबकि सेकेंडरी प्वाइंट के डलावघरों पर कार्य करने वाले कर्मियों को कंपनी ने वेतन का भुगतान किया है, वहां पर कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि कर्मियों की समस्याओं को लेकर पालिका में बात की गई है, लेकिन इस बीच पालिका चेयरपर्सन व ईओ के जनपद से बाहर होने के कारण भुगतान अभी तक नहीं हो पाया है। संभावना है कि दिसम्बर माह के पहले सप्ताह में पालिका से भुगतान होने के बाद कर्मचारियों की वेतन समस्या समाप्त हो जाएगी।

## 13 वर्षीय किशोर से दुष्कर्म का प्रयास

**मीरापुर, 28 नवम्बर (बु.)।** क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि गुरूवार की शाम करीब साढ़े चार बजे गांव का ही एक युवक उसके 13 वर्षीय पुत्र को बहका-फुसलाकर अपने साथ जंगल ले गया तथा वहां पर उसके साथ कुकर्म करने का प्रयास किया। इसके बाद उसका पुत्र वहां से भाग आया तथा परिजनों को इसकी जानकारी दी। आरोप है कि आरोपी उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।